RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 272 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 10 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर
आदिवासियों के उत्थान और खुशहाली के लिए कटिबद्ध ...



स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस की 75 कि.मी. लम्बी आजादी ...
पेज -8 पर

# राज्य में पेसा कानून लागू होने से बढ़ेगा ग्राम सभा का अधिकार : मुख्यमंत्री

**रायपुर। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रम में उपस्थित रहे मुख्यमंत्रीमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि पेसा कानून पहले से अस्तित्व में था लेकिन इसके नियम नहीं बनने के कारण इसका लाभ आदिवासियों को नहीं मिल पा रहा था।**





**प्रदेश में आदिवासी संस्कृति को सहेजने का किया जा रहा है कार्य**

मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पेसा अधिनियम को लेकर नियम बन चुका है और इसके लिए आठ अगस्त को राजपत्र में प्रकाशन भी किया जा चुका है। इससे आदिवासी अपने जल-जंगल-जमीन के बारे में खुद फैसला ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री आज विज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में राज्य भर के जनजाति समुदाय के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वीर नारायण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आदिवासियों के हितों को संरक्षण देने के लिए राज्य में पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा कामुख्यमंत्री ने कहा है कि आदिवासियों के हितों को संरक्षण देने के लिए राज्य में पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। नए नियम से ग्राम सभा के 50 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय से होंगे। इस 50 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी।

विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई, आदिवासियों को वन अधिकार के पट्टे प्रदान किए गए जिसके तहत अभी तक पांच लाख पट्टे वन अधिकार के तहत दिए जा चुके हैं। आदिवासियों के हितों का ध्यान रखने के लिए और योजनाओं का समय पर क्रियांवयन करने के लिए जन जागरण अभियान कैलेंडर का विमोचन किया गया है। सशक्तिकरण हो रहा है, यही वजह है कि बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अपने गांवों के लिए बैंक खोलने की मांग कर रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 65 प्रकार के लघु वनोपज खरीद रही है।

# बीजापुर में मुठभेड़ में मारे गए 3 नक्सली, 1 को जिंदा पकड़ा

## नक्सली कैंप में मिला भारी मात्रा में विस्फोटक

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जवानों ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त किया है। मौके से बंदूकें, गोली, IED, समेत बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद किए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में 3 माओवादियों को मार गिराया गया है। हालांकि, किसी के शव बरामद नहीं किए गए हैं। नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन को सफल बनाकर 3 दिन बाद जवान जिला मुख्यालय लौटे हैं। मामला जिले के मोदकपाल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोंगला-पुंगर के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में करीब 25 से 30 हथियारबंद माओवादी कैंप लगाकर बैठे हैं मुखबिर की सूचना के बाद बीजापुर जिले से छ्त्रन्न, STF एवं CRPF 229 बटालियन की टीम को मौके के लिए रवाना किया गया था। 7 तारीख की सुबह जब जवान क्षेत्र में पहुंचे तो माओवादियों ने जवानों को देख फायर खोल दिया। जिसके बाद दोनों तरफ से जबरदस्त गोलीबारी होनी शुरू हुई।




पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, करीब 1 घंटे तक मुठभेड़ चली। फिर कुछ देर बाद माओवादी घने जंगल का सहारा लेकर भाग गए। मुठभेड़ रुकने के बाद जवानों ने नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर दिया। नक्सली कैंप में अपना सामान छोड़कर भाग निकले। मुठभेड़ स्थल पर कई जगह खून के धब्बे भी मिले हैं। सर्चिंग करने पर झाड़ियों के पास एक नक्सली घायल अवस्था में पड़ा था। जिसे गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से सहकारी बैंक बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शाम उनके निवास कार्यालय में सहकारी बैंक के बस्तर संभाग के लिए नवनियुक्त प्राधिकारी श्री शंकर धुरवा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्राधिकारी श्री शंकर धुरवा सहित उपस्थित अन्य नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सहकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

# रायपुर सेंट्रल जेल में कैदी ने लगाई फांसी

## अस्पताल वार्ड में शर्ट से लटकता मिला शव; जेलर बोले- मानसिक रूप से परेशान था

**रायपुर।** रायपुर की सेंट्रल जेल में मंगलवार को एक कैदी ने खुदकुशी कर ली। अपनी ही शर्ट से फंदा बनाकर कैदी ने जान दे दी। यह वारदात जेल के अस्पताल वार्ड में हुई। मानसिक रूप से परेशान कैदी का पिछले कुछ वक्त से इलाज चल रहा था।




जेल सुपरीटेंडेंट उत्तम पटेल ने बताया कि महेंद्र जयसवाल नाम के कैदी ने खुदकुशी की है। वह मानसिक रूप से बीमार था । इस वजह से उसे डॉक्टर के ऑब्जर्वेशन में रखा गया था । जेल के रूटीन कामकाज में महेंद्र को शामिल नहीं किया जाता था। अचानक उसने खुदकुशी कर ली है इस घटना की न्यायिक जांच की जाएगी।

जेल सूत्रों के मुताबिक महेंद्र जयसवाल अक्सर कोने में बैठ कर खुद से बातें किया करता था। चिड़चिड़ा रवैया होने की वजह से उसे जेल के बाकी कैदियों से अलग रखा गया था । महेंद्र की दिमागी हालत ठीक ना होने की वजह से अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर्स की भी मदद ली जा रही थी। साल 2018 में बलौदाबाजार से महेंद्र को रायपुर की सेंट्रल जेल लाया गया था। जेल में आने के बाद उसकी तबीयत खराब थी। कसडोल का रहने वाला महेंद्र जायसवाल हत्या के प्रयास मामले में दोषी करार दिया गया था। उसे अदालत ने 14 साल की सजा दी थी। वो सजा रायपुर जेल में रह कर बिता रहा था मगर अब उसने जान दे दी।

# आदिवासी समाज के उत्थान के लिए हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित- मुख्यमंत्री

## आदिवासियों के मान सम्मान और गौरवशाली संस्कृति की सहेजने का काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार

**रायपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा एवं आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के उत्थान की दिशा में काम किया जा रहा है। उनके मान-सम्मान को बढ़ाने के साथ गौरवशाली कला, संस्कृति को सहेजने और संरक्षित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। यह समाज बहुत ही न्याय प्रिय और प्रकृति के बहुत समीप रहकर उन्मुक्त जीवन जीने वाला लोकतांत्रिक समाज है। जो किसी अन्य समाज में दिखाई नहीं देता। मुख्यमंत्री ने कहा कि



**विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

छत्तीसगढ़ सरकार बनने के साथ ही लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापसी के साथ उन्हें उनके क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य की दिशा में काम किया गया। पेसा कानून लागू कर उनके हितों को संवर्धित किया जा रहा है। आदिवासियों को उनके अधिकार दिए जा रहे हैं। उन्होंने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस और अगस्त क्रांति दिवस की सबको बधाई दी।



# विश्व आदिवासी दिवस पर 107 हितग्राहियों को 329.86 लाख का ऋण एवं अनुदान वितरित

**रायपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के 107 हितग्राहियों को 329 लाख 86 हजार रूपए का ऋण और अनुदान वितरित किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर जिले की तहसील आरंग के ग्राम सेमरिया निवासी श्री वसंत कुमार दीवान को ट्रेक्टर ट्रॉली की चाबी प्रदान की। प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जनजाति के 20 हितग्राहियों को ट्रेक्टर ट्रॉली, 05 हितग्राहियों को गुड्स कैरियर, 02 हितग्राहियों को



पैसेंजर व्हीकल, 23 हितग्राहियों को स्माल बिजनेस लोन और 57 हितग्राहियों को आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण वितरित किया गया। विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन पूरे प्रदेश में आज हर्षोल्लास से किया गया। इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

इस अवसर पर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को वित्तीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा सभी जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति एवं वित्त विकास निगम, नई दिल्ली की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इतनी बारिश की फ्लाइट भेजनी पड़ी हैदराबाद

# रायपुर लैंड नहीं कर पाया विमान, सांसद सोनी और मोहन मंडावी समेत 100 से अधिक यात्रियों को परेशानी

**रायपुर।** रायपुर में मंगलवार को दिनभर हुई बारिश की वजह से हवाई सफर पर असर पड़ा। शाम को 5 बजे के आस-पास रायपुर लैंड करने वाला विमान मौसम खराब होने की वजह से रायपुर एयरपोर्ट नहीं पहुंच सका। लैंडिंग रायपुर के रनवे पर होने की बजाए हैदराबाद में हुई।

रायपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट को शाम को रायपुर में लैंड करना था। मगर मौसम में आई खराबी की वजह से ये फ्लाइट हैदराबाद डायवर्ट की गई। करीब 4 घंटे की देरी से रात 9 बजे के आस-पास इस फ्लाइट को रायपुर के लिए रवाना किया गया।



खबर है कि इसी फ्लाइट से दिल्ली से लौट रहे रायपुर के सांसद सुनील सोनी आने वाले थे। वो दिल्ली में आयोजित कुछ केंद्रीय एजेंसियों की बैठक में शामिल होने गए थे। बैठक के बाद सोनी ने एयरपोर्ट का रुख किया। बीच रास्ते में ही फ्लाइट को डायवर्ट किया गया। सोनी के अलावा इसमें कांकेर के सांसद मोहन मंडावी भी सवार थे। 100 से अधिक यात्री इस फ्लाइट में थे । सभी को मौसम में आई तबदीली की वजह से परेशानी उठानी पड़ी।

# ट्रेन से गिरकर युवती की मौत, संदिग्ध हालत में देर रात नीचे गिरी

## भाई बोला-मोबाइल पर बात करने के दौरान फिसला पैर

**पलारी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा में सोमवार देर रात एक युवती की संदिग्ध हालत में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। युवती बिलासपुर से अपने घर भिलाई लौट रही थी। इसी दौरान वह ट्रेन से नीचे ट्रैक पर गिर पड़ी और तभी दूसरी ओर से आ रही एक अन्य ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और RPF दोनों पहुंचे, लेकिन सीमा विवाद में उलझ गए। बाद में भाटापारा थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक, भिलाई के



सेक्टर-4 निवासी मोनिक कुजूर (31) इंटरव्यू देने के लिए सोमवार को बिलासपुर गई थी। वहां से शाम करीब 6 बजे वह ट्रेन से लौट रही थी। इसी बीच रात करीब 8 बजे निपनिया स्टेशन से पहले ददोरी-निपनिया के बीच वह ट्रेन से नीचे गिर गई।

**आदिवासी दिवस... कैबिनेट मंत्री अकबर ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी**

# कैबिनेट मंत्री विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए

**रायपुरा। राज्य सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर आज कवर्धा के वीर सावरकर भवन में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।**



श्री अकबर एवं उनके साथ आए सभी अतिथियों ने समाज के पोषाक धोती धारण कर इस आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम में कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, श्री लालजी चन्द्रवंशी सहित अन्य जनप्रनिधि भी शामिल हुए।

आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखों ने श्री अकबर को पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। श्री अकबर ने कार्यक्रम को संबांधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होने अपने संबोधन में विश्व आदिवासी दिवस के प्रारंभिक चरण से लेकर इस पूरे आयोजन की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन के मुल उद्देश्यों के साथ-साथ पर्यावरण के सरंक्षण और संवर्धन में भी विशेष विचार विमर्श किया जाता है। उन्होने कहा कि मानव जीवन के उत्पत्ति से लेकर अब तक पर्यावरण के सरंक्षण और उनके बचाव तथा संवर्धन में आदिवासी भाईयों को विशेष योगादान रहा है। आदिवासी मूल निवासी होने के साथ- 'साथ सदैव उनका प्रकृति प्रेम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासी समाज की संस्कृति, उनके भाषा, बोली, रीति-रिवाजों को सहेजने का काम किया जा रहा है। उन्होने बताया कि नवा रायपुर में लगभग 25 एकड़ जमीन पर आदिवासी की कला-संस्कृति और उनके गौरवशाली इतिहास को संजोने के ध्येय से संग्रालय का निर्माण किया जा रहा है। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को मूल निवास तथा आदिवासी की कला, संस्कृति, रीति रिवाज और उनके भोली-भाखा को जानने ओर समझने का अवसर प्रदान होगा।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का बयान बेतुकी - केदार कश्यप

**रायपुर ।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोहन मरकाम जाति के आधार पर निराधार बातें कर रहे है जिसका कोई आधार नहीं है। समाज का हर वर्ग भाजपा के साथ है।**



वह ये न बताएं कि भाजपा क्या कर रही हैं। देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने कभी भी जनजाति समाज की चिंता नहीं की है और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजाति विकास के लिए अलग से मंत्रालय बनाकर हम सबकी भावनाओं के मुताबिक विकास की योजनाओं को गति दी है। भाजपा ने जनजाति समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जो निर्वाचित होकर समग्र समाज की हितों के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

प्रवक्ता केदार कश्यप ने कहा कि मोहन मरकाम को खुद बताना चाहिए कि कांग्रेस में उनकी स्थिति कैसी है और आदिवासियों के हित में उनकी सरकार क्या कर रही है।

# तो ये चल रहा है नीतीश के दिमाग में, मुश्किल में होगी भाजपा?

**बिहार में सियासी संकट नहीं, भरोसे का संकट है। तेजी से बदलते घटना म से सियासी अटकलें लग रही हैं कि नीतीश कुमार अब गठबंधन नहीं बल्कि महागठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद राजनीति में छोटा भाई बन चुके नीतीश अब बड़े भाई (भाजपा) को सत्ता का वनवास दिलाकर फिर से अपना कद बढ़ाने को आतुर हैं और मौजूदा गणित भी नीतीश के पक्ष में दिख रहा है लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है। दरअसल, यह भरोसे का संकट है।**

नीतीश कुमार के लिए गठबंधन और महागठबंधन दोनों तरफ से भरोसे का संकट है। विधानसभा चुनाव के दौरान चिराग मॉडल के चलते आखिरी चुनाव की बात करने वाले नीतीश अपनी पार्टी जदयू को मजबूती प्रदान करने को आतुर हैं। इस मंसूबे में उनके सिपहसालार आरसीपी सिंह ने पहले भरोसा तोड़ दिया है।

आरसीपी की जदयू या बिहार की राजनीति में नीतीश के मुकाबले पकड़ नहीं है लेकिन देर-सबेर महाराष्ट्र के शिंदे की तरह गुल खिलाने का अंदेशा नीतीश को जरूर है। नीतीश को अहसास है कि भाजपा ने उनका कद और छोटा करने के लिए आरसीपी को आगे किया है।

चर्चा तो यह भी है कि लोकसभा चुनाव से पहले आरपीसी को नीतीश के स्वजातीय बड़े नेता के तौर पर उभारने के लिए भाजपा का रथ तक तैयार हो चुका था और इसकी भी नीतीश को समय रहते भनक लग गई। गठबंधन में बड़ा भाई होने के बावजूद भाजपा ने भले छोटे भाई को सीएम बना दिया लेकिन राज्यपाल और स्पीकर के जरिए नीतीश पर नकेल कसी गई। नीतीश को मौजूदा राज्यपाल और स्पीकर नापसंद हैं। वह बदलाव चाहते हैं। इसी तरह, नीतीश मोदी मंत्रिमंडल में अब ज्यादा बर्थ चाहते हैं।

आरसीपी के राज्यसभा से हटने के बाद जदयू कोटे का मंत्री पद खाली है, सो अलग। जदयू अध्यक्ष ललन सिंह का मोदी मंत्रिमंडल में शामिल न होने वाला बयान इसी दर्द को झलकाता है। विधानसभा चुनाव में दूध से जले नीतीश लोकसभा चुनाव में छांछ फूंक कर पीना चाहते हैं।

उन्हें अहसास है कि लोकसभा चुनाव में सीटों की बात हो या मोदी मंत्रिमंडल में बर्थ, हमेशा आरएसी सीट पर ही संतोष क्यों? अब नीतीश ताजा घटनाक्रम से भाजपा पर न केवल पूरी तरह से दबाव बना चुके हैं बल्कि बढ़त बना रखी है। ऐसे में राज्यपाल, स्पीकर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह और लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों को लेकर बिगड़ती बात फिर बन सकती है। इसकी संभावना इसलिए प्रबल है कि भाजपा भले नीतीश को छेड़ रही हो लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नीतीश को छोड़ना भी नहीं चाहेगी। भाजपा को नफा-नुकसान का अहसास है। यही वजह है कि भाजपा के चाणक्य अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने अपने हाल के बिहार दौरे में पार्टी नेताओं को समझा दिया था कि वे नीतीश के साथ मिलकर काम करें। अब जब घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है, तब भी भाजपा नेताओं को स्पष्ट निर्देश है कि वे बयानबाजी से बचें। बिहार से जुड़े रविशंकर प्रसाद, शाहनवाज को दिल्ली दरबार में तलब किया गया है और बैकचैनल चर्चा जारी है।



बिहार की सियासी सुगबुगाहट

> गठबंधन से महागठबंधन की राह में सियासी गणित भले नीतीश के पक्ष में हो लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं है। दबाव की राजनीति में बढ़त बनाकर छोटा भाई (नीतीश) भले बड़े भाई (भाजपा) को सत्ता से सियासी वनवास की पटकथा लिख चुका हो लेकिन बिगड़ रही बात फिर बनने के आसार हैं।

### महागठबंधन में भी भरोसे का संकट

बिहार में इस समय सबसे बड़ा दल राजद है। ओवैसी की पार्टी के विधायकों को जोड़ने के बाद उसकी संख्या 79 है। जदयू भी चिराग के विधायक और निर्दलीय को जोड़कर अब 45 है। बहुमत के लिए 122 की संख्या चाहिए। अकेले इन्हीं दो गठजोड़ से संख्या बहुमत के पार हो जाती है, जबकि कांग्रेस के 19 और वाम दलों के 15 विधायक गैरभाजपा वाले महागठबंधन के साथ को हमेशा से तैयार हैं। जीतनराम मांझी की हम पार्टी के 4 विधायकों की नैय्या सदैव डगमग रहती है लेकिन मांझी खुद की वैतरणी पार करने के असली खेवनहार माने जाते हैं। दूसरी तरफ, भाजपा मुकेश सहनी वाली वीवीआईपी पार्टी के 3 विधायकों को मिलाकर भी राजद से कम यानी 77 पर सिमटी है। ऐसे में आंकड़ों का गणित भी हर हाल में नीतीश के पक्ष में है।

महागठबंधन का सबसे बड़ा बड़ा हिस्सा राजद के तेजस्वी यादव भले चाचा नीतीश के प्रति नरम रुख रख रहे हों लेकिन अपनी शर्तों और भरोसे को लेकर वह मझधार में हैं। उनका भरोसा भी डगमग है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या उपमुख्यमंत्री का पद पाकर तेजस्वी संतुष्ट हो जाएंगे। क्या तेजस्वी नीतीश को केंद्र और खासकर पीएम मैटिरियल बता कर अपने लिए सीएम की कुर्सी पाना पसंद नहीं करेंगे। नीतीश के सामने यह भी चुनौती होगी कि तेजस्वी से हाथ मिलाकर दागदार दामन के बीच वह खुद को कितना बेदाग रख पाएंगे। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दागियों पर शिकंजा कस कर नीतीश पर नकेल का डर तो बना ही रहेगा।

### मंगल को मंगल की आस

राजनीतिक गलियारे में यह तय माना जा रहा है कि गठबंधन अब टूट जाएगा। मंगलवार को नीतीश ने जदयू की तो राजद ने अपने विधायकों-सांसदों की बैठक बुला रखी है।

हरि वर्मा

## संपादकीय

### अमृत वर्ष में संसद का हाल

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और इस बात की पूरी कोशिश हो रही है कि अमृत वर्ष में संसद का कम से कम एक सत्र नए भवन में आयोजित हो। इसके लिए नए भवन के निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही शुभ मुहूर्त में पूजा-पाठ करके एक विशाल अशोक स्तंभ नए भवन के शीर्ष पर प्रतिष्ठित कर दिया गया है। संभव है कि संसद का शीतकालीन सत्र नए भवन में हो। कोरोना महामारी के दौरान नए संसद भवन की जरूरत और उसके निर्माण पर होने वाले खर्च को लेकर कई अहम सवाल उठे थे। सवाल जायज थे फिर भी इस तर्क से इसे न्यायसंगत माना जा सकता है कि सरकार ने अंग्रेजों के बनाए संसद भवन से निकल कर आजाद भारत में बने संसद भवन में अमृत वर्ष मनाने की सोच में इसका निर्माण कराया है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने खुद कहा कि यह आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भारत का प्रतीक होगा। फिर भी सवाल है कि क्या अंग्रेजों की बनाई संसद की इमारत से निकलने के साथ साथ भारत ब्रिटिश मॉडल से ली गई संसदीय राजनीति की आत्मा को भी छोड़ देगा? भारत में संसदीय प्रणाली ब्रिटेन के वेस्टमिनिस्टर मॉडल पर अपनाई गई, जिसमें राष्ट्रपति, राज्यसभा और लोकसभा मिल कर संसद का निर्माण करते हैं। संविधान में शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत अपनाया गया, जिसमें विधायिका यानी संसद और विधानसभाओं को कानून बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही संविधान के जरिए कानून निर्माण की एक प्रक्रिया तय की गई, जिन्हें कायदे से संवैधानिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक परंपराओं के जरिए समय के साथ मजबूत होना चाहिए था।

# डिजिटल डिवाइड के बीच 5जी नेटवर्क, बुनियादी सुविधाओं के सामने बदलाव की वास्तविकता

*संकट और बुरी खबरों के सिलसिले के बीच ऐसी सुर्खियां हमेशा ही राहत देने वाली होती हैं, जो अच्छी खबरों के बारे में बताती हैं। पिछले दिनों इस तरह की जिस सुर्खी ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह है पांचवीं पीढ़ी के वायरलेस या 5 जी का जल्दी ही देश में शुरुआत होना। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में कहा कि आगामी अक्तूबर तक देश में 5जी की शुरुआत होने की उम्मीद है।*

दूरसंचार का भारतीय बाजार पूरी दुनिया में सबसे वहनीय या किफायती है और मैं उम्मीद करता हूं कि 5जी के आने के बाद भी यह सिलसिला जारी रहेगा, उन्होंने कहा। केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी भरोसा जगाने वाली है। 5जी की सेवा शुरू हो जाने के बाद देश में 5जी मोबाइल का उत्पादन बढ़ाना जरूरी हो जाएगा। हालांकि इस दिशा में हमारे यहां पहले से ही काम हो रहा है। सिर्फ यही नहीं कि भारत दुनिया में मोबाइल फोन के बड़े उत्पादकों में से है, बल्कि हमारे यहां इनका जितना उत्पादन होता है, उनमें से 25-30 फीसदी हैंडसेट 5जी सेवाओं के अनुरूप हैं। केंद्रीय मंत्री का यह भी कहना था कि 5जी की लागत चूंकि हर साल घट रही है, ऐसे में, उनकी यह उम्मीद अकारण नहीं है कि आने वाले समय में हमारे यहां अधिकांश मोबाइल फोन 5जी सेवाओं वाले होंगे। इस देश के सामान्य नागरिकों के लिए 5जी सेवा और उससे जुड़ी उत्सुकता-उत्तेजना का क्या मतलब है? पांचवीं पीढ़ी की वायरलेस सेवा वस्तुत: सेल्यूलर टेक्नोलॉजी का अद्यतन स्वरूप है। 5जी नेटवर्क के तहत स्रोत से मंजिल तक बड़ी मात्रा में डाटा ट्रांसफर संभव हो सकेगा, और इसमें स्पीड भी तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक होगी। लेकिन एक ऐसे देश में, जहां सड़क पर ही तेज रफ्तार गाड़ियों में चलने वाले लोगों और फुटपाथ पर धीमे-धीमे चलने वाले लोगों-जिनके पास जीवन की बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं, के बीच बड़ा फर्क है, वहां 5जी सेवा के व्यापक विश्लेषण की आवश्यकता है। 5जी तकनीक के क्षेत्र में मानवता की एक बड़ी छलांग है, एक दशक से भी पहले की उस छलांग से भी बड़ी, जब 3जी सेवा की शुरुआत हुई थी। 5जी सेवाओं का लाभ सिर्फ स्मार्टफोन को नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में उपकरणों को मिलने वाला है। लाखों सेंसर्स और सिम कार्ड्स वाली मशीनों की सेवाएं 5जी नेटवर्क से प्रभावित होंगी। लेकिन वास्तविक तौर पर देखें, तो अगले दो से तीन साल तक देश के शहरों और नगरों की बहुसंख्यक आबादी के दैनंदिन जीवन पर 5जी सेवा का सीधे-सीधे कोई रूपांतरणकारी असर नहीं दिखने वाला है, ऐसे में, इस दौरान ग्रामीण जीवन के इससे प्रभावित होने का तो कोई सवाल ही नहीं है, नई दिल्ली स्थित एक तकनीकी विशेषज्ञ प्रशांतो राय कहते हैं। राय कहते हैं कि अगले दो-तीन साल में 4जी सेवा के उपभोक्ताओं के लिए सकारात्मक असर यही होगा कि आबादी के एक हिस्से के 5जी में शिफ्ट हो जाने से 4जी सेवाओं पर चल रहा दबाव खत्म हो जाएगा।

वैसे तो 5जी नेटवर्क के तहत फास्ट गेमिंग के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाले वीडियोज को बड़ी संख्या में और तेजी से डाउनलोड करना संभव होगा, लेकिन राय का कहना है कि आम उपभोक्ता इसके लिए अभी की तुलना में ज्यादा कीमत अदा करना शायद ही चाहेगा। गौर करने वाली बात है कि दूरसंचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम शुल्क के रूप में 1.5 लाख करोड़ की भारी-भरकम राशि चुकाने के अलावा भी उपकरणों की खरीद में बहुत अधिक निवेश करना पड़ रहा है। पर अगर आम आदमी 5जी सेवाओं के लिए अधिक कीमत नहीं चुकाना चाहता, तो भारी निवेश करने वाली दूरसंचार कंपनियों की मदद कौन करेगा?




सुर्खियां

> तेज कनेक्टिविटी एक जटिल मुद्दा है। यह सच है कि इंटरनेट सामाजिक समावेशन का बेहद प्रभावी औजार है और ग्रामीण और सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में दूरगामी प्रभाव डालने की इसमें क्षमता है। 5जी सेवा इसमें और मददगार ही साबित हो सकती है।

पत्रलेखा चटर्जी

## मिला जुला

# महाराष्ट्र में 18 मंत्रियों ने ली शपथ

## भाजपा और शिंदे गुट से 9-9 मंत्री बने; मंत्रिमंडल में लोढा सबसे अमीर,सीएम सबसे कम पढ़े-लिखे

**मुंबई(एजेंसी)। एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के 39 दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के मंत्रिमंडल का गठन हो गया। मंत्रिमंडल विस्तार में 50-50 का फार्मूला रहा। दोनों ओर से 9-9 विधायक मंत्री बनाए गए। सबसे पहले भाजपा के राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मंत्री पद की शपथ ली। नए मंत्रिमंडल में भाजपा के प्रभात लोढा सबसे अमीर हैं, जबकि मुख्यमंत्री खुद सबसे कम 10वीं पास हैं।**



39 दिन बाद शिंदे को मिला मंत्रिमंडल

### सीएम सबसे कम पढ़े लिखे मंत्री

नई शिंदे कैबिनेट में एक मंत्री 10वीं और 5 मंत्री बारहवीं पास हैं। इसके अलावा एक इंजीनियर, 7 ग्रेजुएट, 2 पोस्ट ग्रेजुएट और एक डॉक्टरेट की उपाधि ले चुके हैं। बीजेपी के विधायक सुरेश खाडे सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे हैं। राज्य के सीएम एकनाथ शिंदे भी 10वीं पास हैं और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ग्रेजुएशन किया है।

### मंगल प्रभात लोढा के पास 441 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति

पेशे से बिल्डर मंगल प्रभात लोढा भारतीय जनता पार्टी के सबसे अमीर मंत्री हैं। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, उनके पास 441 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति है। 6 बार के विधायक लोढ़ा के पास 252 करोड़ रुपए से अधिक की चल संपत्ति और करीब 189 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। विधायक के पास 14 लाख रुपए की एक जगुआर कार, बॉन्ड और शेयर में अन्य निवेश हैं। उनके पास दक्षिण मुंबई में पांच फ्लैट भी हैं। उनका राजस्थान में एक प्लॉट और उनकी पत्नी के पास मालाबार हिल इलाके में एक मकान है। हलफनामे के मुताबिक, लोढ़ा पर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### राकांपा का कमेंटः महिलाओं को जगह नहीं दी

शिंदे मंत्रिमंडल का गठन होने के बाद इस पर पहली प्रतिक्रिया राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से आई है।

### नए मंत्रियों में से 70% दागी, सभी के सभी करोड़पति

शिंदे की नई टीम में सभी के सभी मंत्री करोड़पति हैं। इसमें सबसे ज्यादा संपत्ति मालाबार हिल्स सीट से भाजपा विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा के पास है। वहीं, सबसे कम यानी 2 करोड़ की प्रॉपर्टी पैठान सीट से विधायक संदीपन भुमरे के पास है। कैबिनेट में 12 ऐसे मंत्री हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से कुछ पर गंभीर धाराएं भी लगी हैं। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, मुख्यमंत्री शिंदे पर 18 और उप मुख्यमंत्री पर 4 क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

# ताइवान ने भी शुरू की लाइव-फायर आर्टिलरी ड्रिल

**फेंगगैंग टाउनशिप।** चीन और ताइवान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। चीनी सैन्य अभ्यास के बाद ताइवान की सेना ने भी लाइव-फायर आर्टिलरी ड्रिल शुरू कर दी है। किसी भी संभावित हमले से द्वीप की रक्षा को लेकर यह ड्रिल की जा रही है। ताइवान की आठवीं सेना कोर के प्रवक्ता लू वोई-जे ने पुष्टि की कि टारगेट फ्लेयर्स और तोपखाने की गोलीबारी के साथ दक्षिणी काउंटी पिंगटुंग में अभ्यास शुरू हुआ। ताइवान की ओर से मंगलवार को शुरू की गई यह ड्रिल गुरुवार तक जारी रहेगी।



# सिब्बल बोले- सुप्रीम कोर्ट से मुझे अब कोई उम्मीद नहीं बची

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने एक बयान देते हुए कहा है कि उन्हें 50 साल कोर्ट में प्रैक्टिस करने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट से कोई उम्मीद नहीं बची है। कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोई ऐतिहासिक फैसला भले भी पास हो जाए, लेकिन इससे जमीनी हकीकत शायद ही बदलती है। कपिल सिब्बल एक पीपुल्स ट्रिब्यूनल के कार्यक्रम में बोल रहे थे। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ हालिया फैसलों को लेकर अपनी असहमति दर्ज कराई और नाराजगी व्यक्त की। गुजरात दंगों में याचिकाकर्ता जाकिया जाफरी की याचिका खारिज करने को लेकर और सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों को बरकरार रखने के फैसले की भी आलोचना की।



# एकनाथ शिंदे 40 दिन बाद करेंगे कैबिनेट विस्तार

### केसीआर ने 1 मंत्री के साथ 68 दिन चलाई थी सरकार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शपथ लेने के 40 दिनों बाद मंगलवार को अपने दो सदस्यीय मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे, लेकिन यह अंतर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तुलना में कम है जब 2018 में सत्ता में आने पर उन्होंने सिर्फ एक मंत्री के साथ 68 दिनों तक सरकार चलाई थी। कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली जनता दल (सेक्युलर)-कांग्रेस सरकार के गिरने के बाद 26 जुलाई, 2019 को सत्ता में लौटने पर तीन सप्ताह तक अकेले सरकार चलाई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रिमंडल विस्तार में देरी पर विपक्ष की आलोचना के जवाब में कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पिछली महा विकास आघाड़ी सरकार ने 40 दिनों के लिए सात सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ काम किया। शिवसेना में बगावत के कारण ठाकरे के इस्तीफा देने के बाद शिंदे और फडणवीस ने 30 जून को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। शिंदे-फडणवीस सरकार ने 4 जुलाई को महाराष्ट्र विधानसभा में बहुमत साबित किया था। दो सदस्यीय मंत्रिमंडल की कई बैठकें हो चुकी हैं और राज्य में रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू करने सहित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

# शिंदे की दिल्ली दौड़ पर आदित्य ठाकरे का तंज, बोले- जल्दी गिरेगी सरकार

**शिवसेना** में बगावत और सत्ता छिनने के बाद से ही ठाकरे परिवार काफी सक्रिय है। खुद आदित्य ठाकरे प्रदेश भर में यात्रा निकाल रहे हैं और नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने सैकड़ों युवाओं को शिवसेना में शामिल कराया। इस मौके पर आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे पर जमकर हमला बोला। सर्दी और बुखार से पीड़ित आदित्य ठाकरे ने कहा कि मुझे बुखार है और सर्दी हो गई है।



# 'गालीबाज' श्रीकांत त्यागी की एक और करतूत आई सामने, बच्चों ने खोला राज

**गाजियाबाद।** नोएडा के 'गालीबाज' नेता श्रीकांत त्यागी की एक और करतूत उजागर हुई है. वह मोदीनगर से विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुका था, लेकिन टिकट न मिलने के कारण वह चुनाव नहीं लड़ पाया, लेकिन चुनाव के समय उसने संपत्तियों पर कब्जा जरूर कर लिया. श्रीकांत त्यागी ने गाजियाबाद के मोदीनगर के मोहन पार्क एरिया में मोदीनगर इंडस्ट्रीज के आवासों पर जबरन कब्जा कर लिया था. मोदी इंडस्ट्रीज के ये आवास केवल अपने कर्मचारियों को ही अलॉट हो सकते हैं. वहां मौजूद बच्चों ने बताया कि श्रीकांत त्यागी उनके साथ भी बुरा सलूक किया करता था। मोदीनगर के मोहन पार्क एरिया में मोदीनगर इंडस्ट्रीज के आवासों पर कब्जा करके चुनाव के समय कैंप कार्यालय तैयार कर लिया था. श्रीकांत त्यागी ने यहां बड़ा फोटो लगाने के साथ ही कैंप कार्यालय का बोर्ड लगा दिया था. इसके अंदर शानदार ऑफिस बनाकर बीजेपी के बड़े नेताओं की तस्वीरें लगाई थीं. इसके अलावा मिट्टी डलवाकर आसपास की जगह पर भी कब्जा करने की कोशिश की. हालांकि उसके रसूख का खौफ इतना रहा कि इलाके के बड़े लोग बात करने सामने नहीं आए. यहां आसपास मौजूद कुछ बच्चों से बात की थी तो बच्चों ने बताया कि श्रीकांत त्यागी मासूम बच्चों के साथ भी बुरा सलूक किया करता था।




### डोनल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा आवास पर एफबीआई ने मारी रेड, ट्रंप भड़के



**सीएनएन** की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित आवास पर एफ़बीआई ने रेड मारी तो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति न्यूयॉर्क में ट्रंप टावर में थे.ट्रंप ने कहा, 'मैंने सभी ज़रूरी सरकारी एजेंसियों के साथ जाँच में सहयोग किया है. ऐसे में मेरे घर पर अघोषित रेड का कोई मतलब नहीं था.

# आदिवासियों की संस्कृति सहेजने लगातार काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल’

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ राज्य और जिला स्तरीय कार्यक्रम’

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।










**कोरबा जिले के 21 विशेष पिछड़ी जनजाति के युवकों को मिला शासकीय सेवा में नियुक्ति**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य और जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित किया गया तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में एकलव्य और प्रयास आवासीय विद्यालयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही जनजाति हितग्राहियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने विशेष पिछड़ी जनजाति के युवकों को शासकीय सेवा में नियुक्ति भी दी। साथ ही स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए चिन्हांकित आदिवासी किसानों को ट्रैक्टर भी प्रदान किया। विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्ट्रेट कोरबा के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कला कंवर, कलेक्टर संजीव झा सहित आदिवासी जनप्रतिनिधि और नागरिक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक केरकेट्टा ने जिले के एकलव्य विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले दो विद्यार्थियों, प्रयास विद्यालय में अध्ययनरत जेई मेंस में क्वालिफाइड चार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले के 65 जनजाति हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र और 122 सामुदायिक वन संसाधन पत्र का वितरण किया गया। साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के जिले के 21 युवकों को शासकीय सेवा में नियुक्ति भी दी गई। इनमे 2 युवकों को सहायक शिक्षक और 19 लोगों को चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति दी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने सांकेतिक रूप से 5 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान की। विधायक केरकेट्टा ने विकासखंड पोंडी उपरोड़ा के ग्राम सेमरा के किसान श्री आनंद सिंह पोर्ते को आर्थिक सुदृढ़ीकरण के तहत जिला अंत्यावसायी निगम द्वारा प्रदान किए गए ट्रैक्टर की चाबी प्रदान किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस के मुख्य कार्यक्रम में आजादी की लड़ाई और सामाजिक विकास में योगदान देने वाले आदिवासी महापुरुषों को याद किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की इतिहास, कला, साहित्य एवं संस्कृति को लगातार संकलित की जा रही है। जनजाति परिवारों के विकास और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बघेल ने कहा कि कैबिनेट द्वारा पेशा कानून का अनुमोदन कर लिया गया है साथ ही इसका राज पत्र में प्रकाशन भी हो चुका है। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में आदिम जाति अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित 44 पुस्तिकाओं का विमोचन किया साथ ही वन अधिकार के प्रति ग्राम सभा जागरूकता अभियान के कैलेंडर और अभियान गीत का भी विमोचन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने नागरिकों को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी जगह विश्व आदिवासी दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में आदिवासी दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन की पहल से राज्य में पहली बार अभियान चलाकर विशेष पिछड़ी जनजातियों को नौकरी दी जा रही है। आज जिले के 21 लोगों को नौकरी दिया गया यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। जनजातियों के कल्याण के लिए लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही है। साथ ही शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी सरकार द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण काम किए गए है। इस अवसर पर विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को नौकरी दी गईए जनजातियों को वन अधिकार पत्र वितरण तथा प्रयास एवं एकलव्य के छात्रों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि आज 21 लोगों को शासकीय सेवा में नियुक्ति दी गई। यह प्रक्रिया आगे भी चलेगी तथा दस्तावेज परीक्षण कार्य पूर्ण होने के पश्चात विशेष पिछड़ी जनजाति के अन्य लोगों को भी नियुक्ति दी जाएगी।

## एक नजर

### स्कूल भवन की मांग को लेकर स्कूली बच्चों ने किया उग्र प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा के ग्राम डुमरपाली के स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने रविवार को स्कूल भवन निर्माण व छात्रावास में सीट बढ़ाने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। इधर मामले की जानकारी होने पर पिथौरा पुलिस व तहसीलदार समझाइश देने के लिए पहुंचे। ग्रामीण व बच्चे अपनी मांग को लेकर सड़क पर डटे रहे, लेकिन बाद में आश्वासन मिलने पर मान गए। इसके बाद एनएच पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसकी पुष्टि नायब तहसीलदार क्षीरसागर बघेल ने की। जानकारी के अनुसार स्कूली बच्चें व ग्रामीण लगातार 9वीं व 10वीं कक्षा के स्कूल भवन निर्माण छात्रावास में सीट बढ़ाने व शिक्षक की मांग प्रशासन से लगातार करते आ रहे थेए लेकिन प्रशासन व शिक्षा विभाग इनकी मांगो पर ध्यान नहीं दिया। इससे व नाराज हो गए और आक्रोशित होकर सड़क पर उतरने मजबूर हो गए। उन्होंने चक्काजाम किया गया। इधर कुछ समय में ही एचएच पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

### अलग-अलग घटना में चार की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पुलिस नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 4 लोगों की मौत अलग.अलग कारणों से हो गई। पुलिस द्वारा चारों मामलों में मर्ग दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम दाईजबांधा निवासी किसान शंभूलाल पिता जीवराखन साहू उम्र 62 साल ग्राम के डबरीखार स्थित अपने खेत में काम कर रहा थाए इसी दौरान उसके ऊपर बिजली का तार गिर पड़ा, जिससे करंट लगने पर उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार से पिथौरा थाना क्षेत्र में ग्राम डूमरपाली निवासी 55 वर्षीय किसान एवन बरिहा पिता घसिया बरिहा अपने खेत में काम करने गया था जहां पर दोपहर गाज गिरने से एवन बरिहा की मौत हो गई। तीसरी घटना तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा की है। यहीं के निवासी 50 वर्षीय केशवराम बरिहा पिता आशाराम बरिहा की ग्राम के मातागुडी तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक केशव राम शराब के नशे में मदहोश था। एक अन्य घटना में सांकरा थाना क्षेत्र के भगत देवरी निवासी गोवर्धन पिता महादेव बरिहा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा चारो मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### प्रयास विद्यालयों में कक्षा 11वीं में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए जिले के चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

दाखिला के लिए काउसलिंग 13 को रायपुर में

**कोरबा** । प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 11वीं में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। साथ ही परिणाम की वर्गवार चयन व प्रतीक्षा सूची भी जारी कर दी गयी है। जिले के चयनित विद्यार्थियों की सूची व प्रतीक्षा सूची का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा एवं प्रयास आवासीय विद्यालय स्याहीमुडी के सूचना पटल पर किया जा सकता है। साथ ही कोरबा जिले के वेबसाइट का भी अवलोकन कर सकते हैं। कक्षा 11वीं में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए बिलासपुर संभाग के विद्यार्थियों का चयन परीक्षा 31 जुलाई 2022 को शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल सरकण्डा बिलासपुर में आयोजित किया गया था।

### एकलव्य विद्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती : 12 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा** । जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सत्र 2022- 23 के लिए अस्थायी रूप से हिन्दी/अंग्रेजी सीबीएसई पैटर्न पर शाला संचालन के लिए मानदेय पर अतिथि शिक्षक की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। अतिथि शिक्षक टीजीटी अंग्रेजी के रिक्त पद में भर्ती के लिए आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा में 12 अगस्त 2022 तक आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास माया वारियर ने बताया कि जिले मे संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लाफा पाली में रिक्त एक पद में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त पद में भर्ती के लिए पात्रता एवं शर्ते और आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### जिले में 14 को होगा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन

**कोरबा** । कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार आजादी के 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी कोरबा जिले में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह आठ बजे कोरबा शहर के घंटाघर चौक से प्रारंभ होगी और निहारिका, सुभाष चौक, विद्युत गृह स्कूल, अंधरी कछार मोड, बुधवारी, महाराणा प्रताप चौक होते हुए घंटाघर में समाप्त होगी।

## अल्पसंख्यक विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

**कोरबा** । अल्पसंख्यक समुदाय के सामान्य वर्ग के नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों से अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिये राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में विभिन्न योजना अंतर्गत आनलाईन आवेदन जारी है। प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं व्यवसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट कम मीन्स स्कालरशीप योजना अंतर्गत आनलाईन आवेदन ली जा रही है। अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थी वर्ष 2022-23 के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट स्कालशीप्स डॉट जीओवी डॉट इन में आवेदन कर सकते है। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 30 सितम्बर 2022 तक आवेदन कर सकते है। इसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। योजना अंतर्गत मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं प्री, पोस्ट व मेरिट कम मिन्स छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि जो विद्यार्थी पहली बार आवेदन करेंगे वे नवीन कहलायेंगे तथा जो विद्यार्थी 2021-22 में आवेदन किये और छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त किये हैं वे नवीनीकरण कहलायेंगे।

## आदिवासियों के उत्थान और खुशहाली के लिए कटिबद्ध छत्तीसगढ़ सरकार-अग्नि चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर ने विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेश के आदिवासी जनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की मूल कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन तथा आदिवासियों के उत्थान और खुशहाली के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। चंद्राकर ने कहा है कि जल, जंगल, जमीन के मुद्दों पर छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों को उनका हर अधिकार प्रदान कर रही है। वन अधिकारों के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश में सबसे आगे है। अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू किया गया है। वनवासी आदिवासियों को 4.46 लाख से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र और हजारों सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा इलाके की 4200 एकड़ जमीन आदिवासी किसानों को लौटाई गईए जिसे 2005 में टाटा स्टील की एक परियोजना के लिए अधिग्रहीत किया गया था। वर्षो से जेलों में बंद आदिवासियों के प्रकरणों की समीक्षा कर रिहाई की गई है। राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातीय वर्ग के युवाओं को पात्रता अनुसार सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। वनवासी आदिवासियों की आर्थिक समृद्धि के लिए 65 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही है। यही नहीं आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं को लघु वनोपजों के प्रसंस्करण से जोड़कर सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। जनजातियों के आस्था स्थल देवगुड़ियों का हो रहा कायाकल्प किया जा रहा है। हर साल अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य कला महोत्सव आयोजन का फैसला भी आदिवासी समुदाय के प्रति छत्तीसगढ़ सरकार की सोच को दर्शाता है। बीज निगम भी आदिवासी किसानों को शासन की योजना के अनुसार कृषि यांत्रिकीकरण में विशेष छूट का लाभ दिलाते हुएए कृषि में आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।

## लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा वृहत पैमाने पर वृक्षारोपण

जोहार छत्तीसगढ़-राजनंदगांव।




ग्राम बुची भरदा में लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा ग्राम बुची भरदा सुरगी में वृहत् पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। 7 अगस्त को ग्राम बुची भरदा के योगेश गुप्ता के फार्म हाउस में विभिन्न किस्मों के 150 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिला। लायंस क्लब के अध्यक्ष ललित भंसाली ने पौधे लगाने से मानव जीवन में उसके क्या फायदे मिलते हैं। लायन आनंद वर्गिस, लायन अशोक कोटडिया, लायन राजेश कोटडिया, लायन दिलीप खंडेलवाल, लायन योगेश गुप्ता पौधे लगाकर कार्यक्रम को मूर्तरूप प्रदान किये।

इसी कड़ी में ग्राम बुची भरदा में लायंस क्लब द्वारा 8 अगस्त सोमवार को नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सभी ग्रामवासियों से अपील की गई है कि दंत शिविर में भाग लेकर अपने दांतो का परीक्षण करवा कर उपचार करें। शिविर में छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज के दंत विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। उक्त जानकारी लायंस जनसंपर्क अधिकारी अशोक श्रीवास्तव ने दी।

## ट्रेन के इंजन से टकराई कार, 3 लोगों की दर्दनाक मौत

**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के सुहेला में रेलवे क्रॉसिंग पर बीती रात बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कार फाटक पार करते समय ट्रेन के इंजन से टकरा गई। इससे एक की मौके पर मौत हो गई है, जबकि 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है।

वहीं 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, घायलों को इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल है, जिसमें से एक बच्चे की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि सभी सोमनाथ दर्शन कर लौट रहे थे। मामला सुहेला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार पंहदा रोड बलौदाबाजार और पलारी ब्लॉक की बलौदी गांव से दो बच्चों सहित 8 लोग सावन के अंतिम सोमवार को सोमनाथ दर्शन के लिए कार सीजी 04 एचबी 4071 में सवार होकर निकले थे। सोमनाथ दर्शन कर लौटते समय हिरमी में रहने वाले सुरेश देवांगन के घर जा रहे थे।

## फरसगांव क्षेत्र में लगातार हो रही बारिस से नदियां उफान पर

### कई स्थानों में अवगमन हुआ बाधित

**फरसगांव।** विकास खंड फरसगांव क्षेत्र के साथ साथ फरसगांव थाना क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही तेज बारिस के चलते कई नदियां उफान पर है और पुल के ऊपर से पानी जा रहा है जिसके चलते कई स्थानों में आवागमन बाधित हुआ है कोपरा नदी और पासँगी नाला में बाढ़ होने के चलते माकड़ी जाने वाला मार्ग के कई गाँवो से सम्पर्क टूट गया है साथ ही कुछ ही दूर जाने के लिए ग्रामीणों को कई किलोमीटर का सफर करना पड़ रहा है दोनों पुल में बाढ़ आने से उड़ीसा को जोड़ने वाले दो प्रमुख मार्ग हुआ बाधित हो गये है वही बड़ेडोंगर क्षेत्र में बड़ेओडागांव नदी में बाढ़ आने के चलते कई गाँवो से सम्पर्क टूट गया है और ग्रामीण पानी के उतरने की राह देख रहे राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा बेरीकेटिंग कर रास्तो को बंद किया गया है और आने जाने वालो को जाने नहीं दिया जा रहा है





## विश्व आदिवासी दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया सुरेन्द्र कुमार ध्रुव और पुष्पलता दिवान को सम्मानित

अति विद्रोह सहित 45 पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया सी एम बघेल ने

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

विश्व आदिवासी दिवस पर हर साल की तरहए इस साल भी जिले के सर्व आदिवासी समाज ने अलग-अलग ब्लॉक में कार्यक्रमों का आयोजन किया।



जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। देवी-देवताओं की पूजा के बाद आदिवासी समाज ने तीर-धनुष, बाजे-गाजे के साथ बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में आदिम जाति अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित ष्आदि विद्रोह एवं 44 अन्य पुस्तिकाओं का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वन अधिकार के प्रति ग्राम सभा जागरुकता अभियान के कैलेण्डरए अभियान गीत तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के वीडियो संदेश का भी विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले के ग्राम बोरिद निवासी कृषक पुत्र सुरेन्द्र कुमार ध्रुव जो प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत थे, उन्हें 90.04 प्रतिशत अंक लाने पर प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बतादें कि सुरेन्द्र कुमार ध्रुव के माता-पिता कृषक हैं। वर्तमान में वे आईआईटी की तैयारी कर रहे है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद आज जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत द्वारा अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम विभाग द्वारा दो हितग्राहियों इनमें मकरध्वज बाघ को पोल्ट्री फार्म व्यवसाय के लिए 5 लाख रुपए एवं अविनाश कश्यप को दोना पत्तल व्यवसाय के लिए 3 लाख रुपए का चेक सौंपा गया। इसी तरह 11 पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र, 5 सामुदायिक वन संसाधन पत्रों का वितरण किया गया। एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत कु. पुष्पलता दीवान को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में 81. 80 प्रतिशत लाने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विशेष पिछड़ी जनजातियों को नियुक्ति पत्र एवं स्थानीय स्तर पर वनाधिकार भूमि पर किए गए पोस्ट क्लेम कार्य की स्वीकृति प्रमाण पत्र हितग्राहियों को सौंपे गए। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एलआर कुर्रे एवं आदिवासी समाज के हितग्राही गण उपस्थित थे।

# बाबा कुटिया में पार्थिव शिव लिंग निर्माण व रुद्राभिषेक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

ग्राम मरही कापा करगी खुर्द कोटा स्थित बाबा कुटिया में पंडित अभिषेक जी गौतम जैसीनगर सागर मध्यप्रदेश से पधारे आचार्य द्वारा तथा बाबा कुटिया के पूज्य संत श्री राजारामदास जी महाराज के नेतृत्व एवं देखरेख में पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम 1 अगस्त 2022 से 8 अगस्त 2022 सोमवार तक किया गया। पार्थिव रूद्र निर्माण प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक होने के पश्चात दोपहर 3 से 6 बजे तक रुद्राभिषेक प्रतिदिन किया गया।



इस आयोजन के लिए मरही कापा, करगी खुर्द, करगी कला, कोटा, चिचिरदा, छतौना, बिलासपुर एवं आसपास के समस्त ग्रामों के शिव भक्त श्रद्धालुओं ने बाबा कुटिया में आकर पार्थिव रूद्र निर्माण कर अपना जीवन कृतार्थ किया। साथ ही तन मन से सहयोग कर पुण्य के भागीदार बने। 8 अगस्त 2022 को हवन एवं कन्या भोज, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित जनों ने ये इच्छा व्यक्त की कि आने वाले वर्ष में ऐसे ही हर्ष उल्लास के साथ पुनः आयोजन हो। उल्लेखनीय है ग्राम करगी खुर्द से 1 किलोमीटर की दूरी पर बाबा कुटिया में हनुमान जी महाराज, माता रानी दुर्गा जी और भगवान भोलेनाथ का मंदिर है, जहां प्रतिदिन सायंकाल भजन कीर्तन का कार्यक्रम होता है। बाबा कुटिया से जुड़े हुए सभी भक्तों एवम पूज्य सन्त श्री राजारामदास जी ने आसपास के ग्रामीण जनों तथा पार्थिव शिव लिंग निर्माण करने वालों का धन्यवाद किया। मरही कापा के समस्त ग्रामीण जन तथा डॉक्टर साहू, सुरेश कुमार चौहान, अमन, राजू चौहान, हीरा राम, विजय साहू, ओम प्रकाश सेंगर, संतोष, रोहित, डॉक्टर साहू आदि सहित मरही कापा के ग्रामीणों ने मातृ शक्तियों सहित सपरिवार कुटिया में पंहुच कर रुद्रनिर्माण में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया व पुण्यलाभ लिया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर उत्कृष्ट आदिवासी विद्यार्थी हुए सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की वर्चुअल उपस्थिति में आज मंगलवार को जिला पंचायत भवन बेमेतरा में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी विकास विभाग अन्तर्गत संचालित जवाहर उत्कर्ष योजनांतर्गत उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कु. गीताजंली दाउ कक्षा 12 वीं में 87.80 प्रतिशत अंक, ताम्रध्वज कक्षा 12 वीं में 82 प्रतिशत अंक, गजेन्द्र मेरावी कक्षा 12 वीं में 81.20 प्रतिशत अंक तथा कु. प्रियंका सिंह पोर्ते कक्षा 10 वीं में 84.40 प्रतिशत अंक को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा लीना कमलेश



मंडावी तथा अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंत्यावसायी विभाग द्वारा अपने विभाग से ऋण लिए हुए आदिवासी हितग्राही धनराज ठाकुर, इतवारी ठाकुर ग्राम गातापार, पोस्ट परपोड़ी, तहसील साजा, जिला बेमेतरा को ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर शील्ड एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी विभाग प्रवीण लाटा, रोहित चंद्रवंशी डीआईओ, महेन्द्र वर्मा एवं पालकगण उपस्थित थे।

# खेलगांव के खिलाड़ी संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर से 10 किलोमीटर दूर ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगाँव नवा गाँव के मानशी श्याम और साधना श्याम का चयन कबड्डी प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर जिले की टीम में हुआ है इस संबंध में जानकारी देते क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता 2022-23 के अंतर्गत बिलासपुर संभाग शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी में अध्ययन करने वाली मानशी श्याम बालिका वर्ग 19 वर्ष और साधना श्याम 17 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर जिले





की शालेय कबड्डी टीम में हुवा है बुधवार को बिलासपुर संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा में सुबह 10 बजे से किया जाएगा इसमें चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेंगे मानशी और साधना श्याम का चयन ब्लॉक व जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के आधार पर किया गया है ये दोनों खिलाड़ी ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगाँव खेल मैदान में सुबह शाम अभ्यास करते है इन खिलाड़ियों के चयन होने पर सिनियर खिलाड़ी विक्की जायसवाल, गोविन्दा जायसवाल, गोपाल सिंह श्याम, अजय श्याम, संजय मरावी, ईश्वर सिंह श्याम, रमेश श्याम, राजेन्द्र कैवर्त, प्रकाश जायसवाल जेलप्रहरी व खेलमैदान संरक्षक गुलाब सिंह श्याम ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# टायर एवं बैटरी चोरी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा । प्रार्थी जसवंत सिंह पिता बलवंत सिंह निवासी टीपी नगर कोरबा के द्वारा पुलिस चौकी सीएसईबी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि दिनांक 06/08/2022 की दरमियानी रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 2599 के 2 नग टायर कीमती 30000 चोरी कर लिए हैं।

**0 दो सेट टायर, 12 नग एक्सेल व दो नग बैटरी बराम**

**0 घटना को अंजाम देने में शामिल आरोपी अशोक सिन्हा की पत्नी भी गिरफ्तार**

प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी सीएसईबी में अपराध क्रमांक 721/22 धारा 379 पचब पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। टीपी नगर क्षेत्र में खड़े वाहनों में लगातार हो रही चोरी के मामलों में शामिल चोरों को पकड़ने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश कुमार साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजीव वास्तव, चौकी प्रभारी सीएसईबी उपनिरीक्षक नवल साव एवम सायबर सेल प्रभारी उप निरी कृष्णा साहू के साथ अधिकारी कर्मचारियों का टीम गठित कर अज्ञात चोरों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए थे। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन कर चोरी की घटना में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन तथा पूर्व के कुख्यात निगरानी बदमाश अशोक उर्फ विनोद सिन्हा को पहचान की गई ।

# छात्रावास में वृक्षारोपण, सांस्कृति कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

वृक्षारोपण, खेलकूद एवं सांस्कृति कार्यक्रम के आयोजन के साथ आज विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला बेमेतरा मेनका चन्द्राकर की उपस्थिति में प्री.मै.अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास बेमेतरा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल कूद का आयोजन किया गया। फुगड़ी प्रतियोगिता मीडिल वर्ग की बालिकाओ में प्रथम स्थान टिकेश्वरी, द्वितीय



स्थान जैसमीन, तृतीय स्थान उषा तथा फुगड़ी प्रतियोगिता हाई स्कूल में प्रथम चॉदनी मार्कण्डेय, द्वितीय ईशिका, तृतीय पिंकी तथा ज्वदहनम जूपेजमत में प्रथम मुकेश्वरी, द्वितीय मोनिका गंधर्व एवं रेशमी तृतीय स्थान पर रहे व महिला कर्मचारियों का कुर्सी दौड़ आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर कलिता लहरी द्वितीय स्थान पर रिना पाटिल तृतीय स्थान पर शकुन बाई साहू। कार्यक्रम में कोमल ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत देवकर उपस्थित थे। सभी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बेमेतरा एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों समाज के श्री हेमंत ध्रुव एवं बिसत ध्रुव को विभाग में उनके अभूतपूर्व योगदान नगद राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं बालिकाओं द्वारा छात्रावास में वृक्षारोपण किया गया। खेलकूद के पश्चात् छात्रावास के छात्राओ हेतु विशेष भोजन व्यवस्था रखा गया। जिसमें सभी अतिथियों एवं सभी कर्मचारियों ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षिका सुश्री रेणु साहू तथा छात्रावासी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# किसानों की मांग पर कोडार से छोड़ा जा रहा पानी

**महासमुंद।** सफाईकर्मियों पर फसलों की सिंचाई के लिए किसानों द्वारा की गई पानी छोडने् की मांग पूरी हो गई है। जल संसाधन विभाग द्वारा पिछले दो दिनों से कोडार से पानी छोड़ा जा रहा है जो आगामी 26 दिनों तक जारी रहेगा। बता दें कि 'संवाद साधना' ने बीते 5 अगस्त के अंक में 'सूख रही फसलों को बचाने,जलाशयों से पानी छोडने् की मांग' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रशासन और विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था। जिसे देखते हुए बीते गुरुवार को हुई जल उपभोक्ता समिति की बैठक में 25 प्रतिशत से अधिक जलभराव वाले जलाशयों से सिंचाई के लिए किसानों को पानी देने का निर्णय लिया गया और कोडार जलाशय से शुक्रवार देर शाम पानी छोड़ा गया। इधर, कोडार से पानी छोडने् के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे और उन्होने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार कोडार का गेट सिंचाई के लिए आगामी 26 दिनों तक खुला रहेगा। आज 8 अगस्त की स्थिति में कोडार में कुल 18.1 फीट पानी है जो कुल क्षमता का 40 फीसदी है। केशवा जलाशय के इंजीनियर हिमलेश बिसेन का कहना है कि पानी की मांग किसान कर रहे हैं, लेकिन, बैठक में 25 प्रतिशत से अधिक पानी भरा होगा उसी जलाशय से पानी छोडने् पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि केशवा में 23.92 ही पानी है।

## एक नजर

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने जिला जेल मे बंदिंयों को पहनाई राखी

फिर कभी गलत ना करने का लिया वचन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने रक्षाबंधन पर महासमुंद जिला जेल में कैदियों को तिलक लगाकर और कलाई में रक्षासूत्र बांधते हुए मुंह मीठा कराया। ब्रम्ह कुमारी सुषमा ने सभी और ज कैदियों से भविष्य में ऐसा कोई बुरा काम ना करने का दृढ़ संकल्प कराया। उन्होंने रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक अर्थ बताया कि यह 12 जून पर्व मर्यादा का पर्व है। इसे तन मन धन मान पद आदि के लिए रायपुर निराकार परमपिता परमात्मा शिव की ओर से बांधा जाता है। यह पर्व शक्तियों और गुणों में सबसे महान पवित्रता की शक्ति और भाई और बहन के श्रेष्ठ संबंधों का पर्व है।

### लोहिया चौक में मनाई गई क्रांति दिवस, शहीदों को दि गई श्रद्धांजलि

सेनानी उत्तराधिकारी संघ ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा आज 9 अगस्त को लोहिया चौक मैं क्रांति दिवस मनाया गया सर्वप्रथम राष्ट्रगान एवं अमर शहीदों के छाया चित्र पर पुष्प एवं गुलाल लगाकर संगठन के द्वारा उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगाए गए तत्पश्चात सभा का संचालन संगठन के मंत्री कुबेर प्रकाश गिरी ने की जिसमें संरक्षक प्रलय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेनानी परिवार प्रतिवर्ष 9 अगस्त को अगस्त क्रांति के रूप में अंग्रेजो के खिलाफसंघर्ष 8 अगस्त को भारत छोड़ों आंदोलन की शुरुआत अनवरत 14 अगस्त रात्रि 12 बजे तक चली कार्यक्रम के उद्बोधन मे संगठन के अध्यक्ष नारायण नामदेव में महासमुंद जिले के 145 सेनानियों को याद किया एवं उनके बलिदानों को स्मरण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संग मनोज गिरी मानक नामदेव रवि मेहता पीयूष मेहता नारायण नामदेव प्रलय थीटे कुबेर प्रकाश गिरी मनोज जैन बसंत चंद्राकर आनंद गिरी जीतू नामदेव उमाशंकर नामदेव शेष नारायण नामदेव सच्चिदानंद चंद्राकर झम्मन चंद्राकर रवि चंद्राकर।

### समझाइश देने के बाद भी सड़क बाधा करते हुए बिखेरा मलबा तो होगी कार्यवाही - निगम आयुक्त

**भिलाई नगर ।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त लोकेश चंद्राकर निरंतर भिलाई निगम क्षेत्र के किसी भी वार्ड एवं मोहल्लों का निरीक्षण औचक रूप से कर रहे हैं। महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई की परिकल्पना को लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 एवं वार्ड क्रमांक 35 तथा वार्ड क्रमांक 36 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ स्थानों पर सड़कों पर निर्माण एवं विध्वंस से संबंधित सामग्री बेतरतीब तरीके से पड़ी हुई देखी। उन्होंने कहा कि पहले मलबा को हटाने समझाइश दे और उन्हें हटाने के लिए निर्धारित समय देवें। इसके बाद भी नहीं मानने वाले लोगों पर कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि सड़कों पर मलबा पड़े होने के कारण आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इधर दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ जाती है तथा वाहनों का निकलना मुश्किल होता है। सकरी गलियों में खासकर इस प्रकार की समस्याएं मुखरता से आती है। वहीं शहर की सुंदरता पर भी प्रभाव पड़ता है तथा ऐसे मलबों में हानिकारक जीव जंतु भी छुपे हुए हो सकते हैं जो नुकसान पहुंचा सकते हैं तथा गंदगी का एक बड़ा सोर्स भी यह बन सकता है और मच्छर आदि को छुपने की जगह भी इन्हीं कारणों से मिलती है।

# नागपुर के शासकीय स्कूल भवन में हुआ चोरी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

आपको बता दें कि नागपुर के शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में कंप्यूटर लैब से चोरी हुआ समान जिसकी जानकारी प्राचार्य द्वारा नागपुर चौकी में कराया गया मामला दर्ज जिसमें कंप्यूटर टेबल साउंड बॉक्स कूलर की चोरी का होना बताया गया उक्त जानकारी मिलते ही नागपुर चौकी के पुलिस प्रबंधन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने मुखबिर के द्वारा पतासाजी करते हुए आरोपियों को धर दबोच ने में कामयाब हुई तथा आरोपियों के बारे में बताया जा रहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागपुर के पुराने भवन में नवीन शासकीय महाविद्यालय संचालित है। जहां का लैब टेक्नीशियन राहुल सेन पिता पन्नालाल सेन उम्र 32 वर्ष



निवासी मनेद्रगण एवं उनके दो अन्य आरोपी साथी के साथ मिलकर चोरी के घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी पोंडी सुनील सिंह एवं नागपुर चौकी प्रभारी राकेश शर्मा नागपुर चौकी के पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुए 9 नग कंप्यूटर टेबल एवं 9 नग स्पीकर के साथ एक कूलर भी बरामद किया है घटना में उपयुक्त हीरो स्प्लेंडर की बाइक भी पुलिस चौकी नागपुर में जप्त किया है तथा आरोपियों पर धारा 357, 380 भादवी के तहत कार्यवाही की गई।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित

जिला स्तरीय कार्यक्रम में 35 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र, पीव्हीटीजी युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आदिवासी हितों के लिए प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की हैं।

हमारा मुख्य लक्ष्य आदिवासी समाज को मान सम्मान देने, आदिवासी संस्कृति को सहेजने के साथ साथ उनके लिए न्याय और



विश्व आदिवासी दिवस

रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले महापुरुषों को नमन किया। उन्होंने टीण्आरण्आईण् द्वारा प्रकाशित आदि विद्रोह एवं अन्य पुस्तिकाओं, ग्राम सभा जागरूकता अभियान कैलेंडरए अभियान गीत का विमोचन किया। कार्यक्रम में इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव तथा शिशुपाल सिंह सोरी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के के सचिव डीडी सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

## जिला पंचायत ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

जिला स्तर पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधायक श्री गुलाब कमरो, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदान्ती तिवारी, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल तथा जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत जुड़े। इस अवसर पर बैगा समाज प्रमुख, विभिन्न हितग्राही एवं छात्र छात्राएं, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी तथा आमजन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विधायक कमरो ने इस अवसर पर आदिवासी हितों में शासन की कल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शासन के निर्णयों ने आदिवासी समाज के उन्नति की राह तैयार की है।

### आदिवासी हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र, एकलव्य विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र हुए सम्मानित

*सविप्रा उपाध्यक्ष व विधायक गुलाब कमरो ने कार्यक्रम में जिले के 33 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र एवं 2 हितग्राहियों को वन संसाधन पत्र वितरित किए। वहीं पीव्हीटीजी आवेदकों में शासकीय सेवा में नियुक्त 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम द्वारा 1 हितग्राही को ट्रेक्टर एवं 1 हितग्राही को पैसेंजर व्हीकल प्रदाय किया गया। विकासखण्ड खड़गवां के एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह के जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 छात्रों, 10वीं कक्षा बोर्ड में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 8 छात्रों तथा 12वीं कक्षा में 75.40 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्रा संध्या पैकरा को सम्मानित किया गया।*



# कॉमेडी ड्रामा ब्यूटीफुल बिल्लो में गर्भवती महिला की भूमिका निभाएंगी नीरू बाजवा

1998 की फिल्म 'मैं सोलह बरस की' से अपने करियर की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री नीरू बाजवा अपनी आगामी पंजाबी फिल्म 'ब्यूटीफुल बिल्लो' में एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में नीरू के अलावा रुबीना बाजवा, रोशन प्रिंस और राघवीत बोली भी मुख्य भूमिका में हैं।

संतोष सुभाष थिटे और अमृत राज चड्ढा द्वारा निर्देशित 'ब्यूटीफुल बिल्लो' एक कॉमेडी ड्रामा है। पूरी कहानी रुबीना और रोशन द्वारा निभाए गए एक जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है और बिल्लो (नीरू) से मिलने के बाद उनका जीवन कैसे बदल जाता है, जो गर्भवती है और उनके परिवार का एक महत्वपूर्ण सदस्य बन जाता है। नीरू कहती हैं, 'ब्यूटीफुल बिलो' मानवीय भावनाओं की एक दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें कॉमेडी का एक ट्विस्ट है जो निश्चित रूप से दर्शकों को आकर्षित करेगा। यह एक ऐसी कहानी है जो दर्शकों को पहले कभी नहीं देखी गई यात्रा पर ले जाएगी। नीरू बाजवा एंटरटेनमेंट, ओमजी स्टार स्टूडियोज और सरीन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस फिल्म का प्रीमियर 11 अगस्त को जी5 पर होगा।

# फैंस की धड़कने बढ़ाने के लिए मलाइका अरोड़ा ने पहनी इतनी रिवीलिंग ड्रेस

मलाइका अरोड़ा का इंस्टाग्राम अकाउंट एक से बढ़कर एक फोटोज से भरा पड़ा है। हाल में मलाइका द्वारा शेयर की गई तस्वीरों को देखने के बाद फैंस बेकाबू हो रहे हैं। दरअसल, मलाइका अरोड़ा हाल ही में एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2022 में बतौर शो स्टॉपर बनकर डिजाइनर रोहित गांधी और राहुल खन्ना के लिए रैंप वॉक किया था। इस दौरान एक्ट्रेस रैंप पर इतनी ज्यादा बोल्ड ड्रेस पहनकर कैमरे के सामने आई थीं कि लोगों के होश उड़ गए थे।

मलाइका अरोड़ा ने अब इसी ड्रेस को पहनकर हद से ज्यादा बोल्ड फोटोशूट करवाया है। इस सिजिलिंग फोटोशूट की तस्वीरें मलाइका अरोड़ा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इस फोटोशूट में एक्ट्रेस अपने क्लीवेज प्लांट करती नजर आई। इन तस्वीरों को देखने के बाद फैंस बेकाबू हो रहे हैं। एक्ट्रेस ने जैसे ही इस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की तो वो एक से बढ़कर कमेंट्स कर रहे हैं। मलाइका लगातार इस तरह की बोल्ड ड्रेसेज पहनकर एक से बढ़कर एक फोटोज खिंचवा रही हैं। आपको बता दें, मलाइका इन दिनों अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं।




# मुझे गुम है किसी के प्यार में में मेरी भूमिका के लिए याद किया जाएगा: मिताली नाग



अभिनेत्री मिताली नाग का कहना है कि वह एक गायिका बनने के लिए मुंबई आई थीं, लेकिन नियति की उनके लिए अलग योजना थी और वह अभिनेत्री बन गईं। उनके लिए अफसर बिटिया चीजें बदलने वाला शो है। अब तक के सफर और अपने चल रहे शो गुम है किसी के प्यार में के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरा जन्म और पालन-पोषण नागपुर में हुआ था। मैं गायिका बनने के लिए मुंबई आई थी। मैंने कुछ संगीत रियलिटी शो में भाग लिया और जीता। हालांकि, मेरे लिए नियति की कुछ और ही योजना थी और मुझे एक टीवी शो में नायिका की भूमिका निभाने के लिए चुना गया। अभिनय तब से मेरा पेशा बन गया है।वह मनोरंजन उद्योग में अपनी सफलता का श्रेय दिसंबर 2011 से 2012 तक प्रसारित होने वाले शो अफसर बिटिया में अपनी भूमिका को देती हैं।

मिताली अब गुम है किसी के प्यार में में एक मानसिक रूप से बीमार लड़की देवयानी चव्हाण की भूमिका निभा रही हैं और उन्हें लगता है कि लोग उन्हें इस भूमिका के लिए भी हमेशा याद रखेंगे। एक अभिनेता को अपने किरदार में आने के लिए किसी भी संघर्ष का सामना नहीं करना पड़ता, वह कहती है, मैं अपने बेटे रुद्रांश को देखती रहती हूं और देवयानी की भूमिका निभाते हुए उसके बहुत सारे तौर-तरीकों का उपयोग करती हूं।

# कहानी घर घर की ने डेली सोप की मिसाल कायम की : साक्षी तंवर



टेलीविजन अभिनेत्री साक्षी तंवर का मानना है कि प्रतिष्ठित शो कहानी घर घर की ने देखने के अनुभव को बदल दिया है। जैसा कि शो लगभग 13 वर्षों के बाद वापस आ रहा है, साक्षी शो का हिस्सा बनने पर काफी खुश हैं। उनके अनुसार, यह उन शो में से एक था जिसने टीवी पर सास-बहू का चलन स्थापित किया और लोगों के दैनिक जीवन से इतना जुड़ा हुआ था कि कोई भी इस तरह की घटनाओं को अगले दरवाजे पर देख सकता है।

वह कहती है, यह वास्तव में टेलीविजन देखने के अनुभव में बदलाव का बीड़ा उठाया है। यह उन शो में से एक है जो टीवी पर अब भी डेली सोप के रूप में हम जो देखते हैं उसके लिए मिसाल कायम करते हैं। टेलीविजन अभिनेताओं और उनके दर्शकों के बीच संबंध मेरे लिए काफी अनूठा है।बड़े अच्छे लगते हैं, कुटुम्ब जैसे टीवी शो के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने कहा, यह टेलीविजन के माध्यम से भावनाओं का एक सुंदर आदान-प्रदान है, जिसकी तुलना अपने पड़ोसियों से दैनिक आधार पर मिलने से की जा सकती है।

मैं इसे टीवी पर फिर से देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।उन्होंने दंगल जैसी फिल्मों में भी काम किया और बॉलीवुड स्टार आमिर खान द्वारा निभाई गई पूर्व पहलवान महावीर सिंह फोगट की पत्नी दया कौर के रूप में देखी गईं।कहानी घर घर की 2000 से 2008 तक टीवी पर सबसे सफल शो में से एक था।

वास्तव में यह शीर्ष 5 में से एक था। साक्षी तंवर, किरण करमरकर, अली असगर, श्वेता कवात्रा जैसे कलाकार घर-घर में जाने जाते थे और आज भी उन्हें उनकी भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है।कहानी घर घर की स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## खेल आसपास

# रामपुर विधानसभा में भारत गौरव यात्रा का सांसद ने किया शुभारंभ

75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यह यात्रा





जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर भारत गौरव यात्रा कांग्रेसजनों द्वारा निकाली जा रही है जो हर विधानसभा में होगी। रामपुर विधानसभा क्षेत्र की गौरव यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा किया गया।

सांसद ने कहा कि भारत गौरव यात्रा से जुड़कर हम सभी गौरवान्वित हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में गौरव यात्रा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निकाली जा रही है जिसमें कांग्रेसजनों के साथ-साथ आम जन भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पहले दिन की गौरव यात्रा ग्राम लबेद, घाटाद्वारी से प्रारंभ हुई। इन अवसरों पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला संघ प्रभारी गुरुमुख सिंह होरा, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पूर्व रामपुर विधायक श्यामलाल कंवर, पूर्व सक्ती विधायक सरोजा मनहरण राठौर, रेवाराम चंद्रवंशी, मनहरण राठौर, सरमन सिंह कंवर, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई व संतोष मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत दास महंत, फू ल सिंह राठिया, अनूप चंद्रा, मेहंदी चौहान, आवेश कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## कोहली-राहुल की हुई वापसी, चोट के कारण बुमराह टीम से बाहर

**मुंबई।** एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा और उपकप्तान के रूप में केएल राहुल को कमान सौंपी गई है। वेस्टइंडीज दौरे पर आराम लेने वाले विराट कोहली की टीम इंडिया में वापसी हुई है। लगातार चोट से परेशान चल रहे केएल राहुल भी फिटनेस हासिल करने के बाद एशिया कप से वापसी करेंगे। हालांकि, स्ट्राइक बॉलर जसप्रीत बुमराह चोट के कारण एशिया कप से बाहर हो गए हैं।




### भारत 7 बार बना है चैंपियन

भारतीय टीम अब तक इस टूर्नामेंट के 13 संस्करणों में हिस्सा ले चुकी है और सबसे ज्यादा सात बार चैंपियन रही है। इसके अलावा टीम तीन बार फाइनल तक तो पहुंची, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। श्रीलंकाई टीम पांच बार चैंपियन बनी है और छह बार रनर अप रही है। पाकिस्तान की टीम ने दो बार यह खिताब जीता है। टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान से मिली करारी हार का बदला लेने का मौका मिल गया है। भारतीय टीम 28 अगस्त को एशिया कप में पाकिस्तान का सामना करेगी। इस बार एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (SLC) कर रहा है। पहले वहां आर्थिक संकट के चलते इसके UAE में कराए जाने की चर्चाएं थीं।

याद दिला दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी भिड़ंत पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में हुई थी। बाबर आजम की अगुआई वाली पाक टीम ने भारत को 10 विकेट से करारी मात दी थी।

# मवेशियों को पीकअप में भरकर बुचड़खाना ले जाने वाला 2 आरोपी गिरफ्तार, थाना हसौद की कार्यवाही

आरोपियो के कब्जे से 13 नग मवेशी एवं परिवहन में प्रयुक्त पीकअप किया गया बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



प्रार्थी यादराम पटेल निवासी परसदा थाना हसौद द्वारा थाना हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मिलन चौक हसौद के पास समारू यादव उम्र 36 वर्ष निवासी छोटे गंतुली थाना कोसीर जिला रायगढ हा.मु. हसौद एवं प्रकाश उम्र 30 वर्ष निवासी घटमडवा थाना गिधौरी जिला बलौदा बाजार द्वारा अपने पीकप क्रमांक सीजी 12 ए क्यु 6302 में कुल 13 नग मवेशी को ठुस-ठूस कर कुरुर्ता पूर्वक बिना सुरक्षा व्यवस्था के बुचडखाना ले जाने की रिपोर्ट किया गया। जिस पर तत्काल हसौद स्टाफ मौके पर पहुँचकर समारू यादव उम्र 36 वर्ष निवासी छोटे गंतुली थाना कोसीर जिला रायगढ हा.मु. हसौद एवं प्रकाश सतनामी पिता मोतीराम उम्र 30 वर्ष सा. घटमडवा थाना गिधौरी जिला बलौदा बाजार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 नग मवेशी एवं वाहन पीकप क्रमांक सीजी 12 ए क्यु 6302 को बरामद किया गया जिस पर आरोपियो के विरुद्ध अपराध क्र0 122/22 धारा धारा 6, 10 छ0ग0 कृषक पषु संरक्षण अधि0 पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को 9 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाहि मे उप निरीक्षक योगेश पटेल, सउनि लखपति प्रधान, प्रधान आर. पुरन लाल कैवर्त, आर.मिरिश साहू, घनष्याम पांडेय, मनोज कोशले, जयप्रकाश गबेल एवं शिवगोपाल रात्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

# हम फाइनल में लगातार गलतियां दोहरा रहे हैं : हरमनप्रीत



**बर्मिंघम** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने खिताबी मुकाबले में फिर से बल्लेबाजी पतन पर निराशा व्यक्त की और स्वीकार किया कि उनकी टीम को फाइनल में लगातार एक जैसी गलतियां दोहराने से बचना होगा।

महिला क्रिकेट को पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया जिसमें भारतीय टीम के पास स्वर्ण पदक जीतने का सुनहरा मौका था। भारत हालांकि फाइनल में फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया और ऑस्ट्रेलिया से नौ रन से हार गया।

इस मैच में भी भारतीय बल्लेबाजी उसी तरह से लड़खड़ा गई जैसे कि 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्वकप और 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप के दौरान देखने को मिला था।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, हर बार बड़े फाइनल्स में हम (बल्लेबाजी में) लगातार एक जैसी गलतियां दोहरा रहे हैं। यह ऐसी चीज है जिसमें हमें सुधार करना होगा। उन्होंने कहा, हम लीग चरण या द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में इस तरह की गलतियां नहीं करते हैं। यह कहीं ना कहीं हमारे दिमाग में घर कर गई है।

भारत को अंतिम छह ओवर में 50 रन की दरकार थी और उसके पास आठ विकेट बचे हुए थे। भारत को तब आसानी से जीत दर्ज करनी चाहिए थी लेकिन उसने बल्लेबाजों के खराब शॉट चयन के कारण 13 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए।

# ऑस्ट्रेलिया ने क्रिकेट-हॉकी में की धोखेबाजी

कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार रात एक अति रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने विमेंस क्रिकेट का गोल्ड मेडल जीत लिया। उसने भारतीय टीम को 9 रनों से हराया। लेकिन, कंगारु टीम ने यह मुकाबला धोखे से जीता है। उसने ऑलराउंडर ताहलिया मैक्ग्रा को कोविड पॉजिटिव होने के बावजूद फाइनल मुकाबले में खिलाया। इसमें आयोजन समिति ने कंगारुओं का साथ दिया। हालांकि, मैक्ग्रा प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सकीं। लेकिन, उन्होंने टीम इंडिया को खतरे में जरूर डाल दिया।

ESPN क्रिकइंफो ने दावा किया है कि फाइनल मैच से पहले मैक्ग्रा की कोविड रिपोर्ट पाजिटिव आई थी। उनमें कोविड के हल्के लक्षण पाए गए थे। इसके बावजूद स्वास्थ्य विशेषज्ञों, टीम और मैच अधिकारियों के परामर्श के बाद उन्हें खेलने की परमिशन दी गई। इस पर कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन समिति का कोई बयान नहीं आया है।

# विश्व आदिवासी दिवस बड़ी धूमधाम से हल्दीझारिया में मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।





जशपुर जिला के पत्थलगांव ब्लॉक से लगे ग्राम पंचायत के मुड़ाबहला, कुकरगाँव, खड़ामचा, पिठाआमा मे विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम अयोजन किया जिसमें सर्व आदीवासी समाज एकत्रित होकर बड़ी धूम धाम से इस खास दिन को यादगार तरीके मनाया जहां आदिवासी संस्कृति के आपार झलक देखने को मिला ।

जिसके उद्देश्य बढ़ती आधुनिकता के युग में अपने पारंपरिक सभ्यताओं को बनाएं रखने के उद्देश्य के साथ साथ आने वाले नई पीढ़ियों को नाच गान ढोल मांदर बाजे गाजे के माध्यम से प्रस्तुत कर उन्हें अपने संस्कारों में पिरोकर रंगों में रंगाकर ढालना है। इस मनोरम दृश्य को देखने भारी संख्या में भीड़ उमड़ी रही मौसम का मिजाज विपरीत होने के बाद भी बच्चे बूढ़े करमा नित्य का वाद संवाद के आनंद लें रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी डी सी आरती सिंह ने हर घर तिरंगे के आगाज कर देश प्रेम के रंगों के साथ लोगों के मन देश भक्ति के जोश भरे वहीं संविधानिक अधिकारों को बताते हुए महिला उत्पीड़न, यौन शोषण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं पुरुषों को जागरूक किये। जिसमें जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह डी डी सी बुध्यारीन सोनी, सुरेश अग्रवाल, जनपद उपाध्यक्ष नजीर साय निकुंज विशिष्ट अतिथि बीड़ीसी जय प्रकाश तिर्की एवं जनपद मुकेश पैंकरा रामनरेश पैंकरा निर्मला तिर्की तथा पंचायत के सरपंच गजाधर नाग, शिवरतन नाग निर्जला नाग सुजाता कुजूर कछार सरपंच पुरन साय नाग मधुसुधन नाग सोनसाय खलखो फिलिप तिर्की अमोस एक्का निर्दोष कुजूर जोन कुजूर विजय कुजूर दिलेंदर नुहुस तिर्की दीपक कुजूर धनीराम नाग सोसन तिर्की लक्ष्मण नाग सचिव एवं भोलेंटिया साथ ही पुलिस निरीक्षक जे आर कुर्रे जिसमे उनकी टीम का भी बहुत सहयोग रहा एवं फादर अभय टोप्पो पी पी अभय मिंज फादर कुलदीप बखला प्राचार्य सिस्टर सबिता मांझी सुष्मिता उपस्थित रहे।

## योग खिलाड़ियों का राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में हुआ चयन

**राजनांदगांव ।** 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिड़ा प्रतियोगिता, जगदलपुर-बस्तर में 04 से 08 अगस्त तक आयोजित किया गया। जिसमें राजनांदगांव के वि.ख. अम्बागढ़ चौकी शास. पूर्व माध्यमिक शाला एवं शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माहुद मचान्दुर से बालिका वर्ग में लीना बाम्बेसर, अपर्णा रामटेके, प्रेरणा निर्मल, चंचल श्रीरंगे, रोशनी निषाद बालक वर्ग में आदित्य बोरकर, रितिक रामटेके, केवल कुमार, वरूण कुमार निर्मल, डेविड बाम्बेसर ने भाग लिया। सभी खिलाड़ीयों ने अपने योग स्पर्धा का बेहतर प्रदर्शन किया हैं। जिसमें बालिका वर्ग में प्रेरणा निर्मल का चयन आगामी होने वाली शालेय राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में हुआ है, तथा अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में रोशनी निषाद, आदित्य बोरकर, वरूण कुमार निर्मल का चयन किया गया हैं।



# बिलासपुर सांसद अरुण साव बनाए गए हैं नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया एलान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी भाजपा ने शुरू कर दी है ।एक तरफ जहां 90त्न प्रत्याशी बदले जाने की बात कही जा रही है तो वही 2023 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने की अटकलों के बीच बिलासपुर सांसद अरुण साव को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।**



विधानसभा चुनाव 2018 में भाजपा की हार के बाद से अब तक दो प्रदेश अध्यक्ष बदले जा चुके हैं।

बताया जा रहा है कि पार्टी ने लंबे समय तक कई पहलुओं पर मंथन किया, जिसमें जातिगत समीकरण, परिवार की पृष्ठभूमि, पार्टी पर मजबूत पकड़, युवा या अनुभवी ऐसे तमाम विषयों पर विचार किया गया। साथ ही अनुसूचित, जाति जनजाति, आदिवासी पिछड़े वर्ग के नेताओं पर भी विचार विमर्श हुआ। राजनीतिक समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पिछड़े वर्ग से आने वाले अरुण साव पर भरोसा जताया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में कई नाम शामिल थे, जिसमें सामान्य वर्ग से सांसद संतोष पांडे के अलावा पिछड़ा वर्ग से विजय बघेल और नारायण चंदेल के नाम भी शामिल थे। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दोनों ही पिछड़ा वर्ग का नेतृत्व करेंगे । भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश भाजपा की कमान बदलने की घोषणा की है।

एक सामान्य कार्यकर्ता से बिलासपुर सांसद बनने और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पहुंचने वाले अरुण साव को छुपा रुस्तम माना जा सकता है ।उन्होंने लोकसभा में जिस तरह से अपने संसदीय क्षेत्र और प्रदेश के मुद्दों को उठाया है शायद इसी वजह से उन्हें वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के स्थान पर नया प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। वैसे जानकर यह कयास भी लगा रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से अरुण साव को भी मौका मिल सकता है। इसी बीच यह खबर भी आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव से पहले अपना नेता प्रतिपक्ष भी बदल सकती है । यानी भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले एक नई टीम तैयार कर रही है ताकि नए सिरे से मैदान में उतरा जा सके।

# सभी आंगनबाड़ियों में मनाया जा रहा वजन त्यौहार

## जागरूकता के लिए ब्लॉकों में चलेगा वजन रथ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए जिले में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसमें पालकों को शिशु के पर्याप्त पोषण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिले के 3ए408 आंगनबाड़ी मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। मंगलवार को छुट्टी के दिन भी जिले के आंगनबाड़ियों में विविध आयोजन हुए। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया श्इस वर्ष 1.20 लाख बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापे जाने का लक्ष्य है जिससे बच्चों में कुपोषण का स्तर पता लगाकर योजनाएं बनायी जा सकेगी। इस बार वजन त्यौहार में 0.5 की जगह 0.6 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। अभी तक 70,000 से अधिक बच्चों का वजन और ऊंचाई की गणना की जा चुकी है और उनके पोषण के बारे में उनके पालकों को परामर्श दिया जा चुका है। पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए वजन रथ जिले के सभी ब्लॉकों में चलाया जाएगा। रायपुर से तीन वजन रथ आ रहे हैं। जो कल से तीन-तीन ब्लॉक में जाएंगे। मंगलवार को संत विनोबा नगर मोहल्ले के आंगबाड़ी केंद्र का जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने दौरा किया। जहां उन्होंने 4 साल की हीना परवीन और 4 माह के सूर्य प्रकाश का वजन किया और ऊंचाई नापी। दोनों ने 5 साल की हितग्राही प्रियांशी यादव की माता पूनम यादव से आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके बाद आंगनबाड़ी में बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी जानी और बच्चों से खाने के बारे में पूछा। सभी बच्चों ने अपने खिलौने की खाने की तारीफ की।



आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका सीता साहू ने बताया आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को गर्भ में पल रहे शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है ।विशेष रूप से ऐसी महिलाओं को तिरंगा थाली जिसमें तीन प्रकार की भोजन सामग्री हो, साथ ही बेहतर पोषण बच्चे को कैसे मिलेगा और केंद्र से दिए जाने वाला पोषण आहार भी उनको दिया जाता है।

# आज़ादी के अमृत महोत्सव पर ब्लॉक कांग्रेस बेलगहना द्वारा आजादी की भारत जोड़ो गौरव यात्रा प्राम्भ की



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बेलगहना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 9 अगस्त से 14 अगस्त तक आजादी की भारत जोड़ो गौरव पद यात्रा किया जा रहा है जिसकी शुरुआत आज बेलगहना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत केंदा से प्रारंभ किया गया ।

पदयात्रा के पूर्व माता चौरा में द्वीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर गौरव पद यात्रा का सुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात केंदा ग्राम के बाजार से मुख्य मार्ग होते हुए ग्राम , पहंदा,सरैहा सुखेना , से ग्राम पंचायत कोंचरा तक 12 किलो मीटर की गौरव पद यात्रा कर बाजार में सभा के पश्चात समापन किया गया। भारी बारिश के बीच भी बेलगहना ब्लॉक कांग्रेसियों ने हांथो में तिरंगा लेकर भारत माता की जय,जय जवान-जय किसान ,कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत देश एक है , वन्देमातरम के नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री गणेश कश्यप ने बताया कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कॉंग्रेस की भारत जोडो पद यात्रा की शुरुवात प्रत्येक विधानसभा में 75 किलो मीटर की गौरव पद यात्रा की जा रही है, कोंचरा जनपद सभापति कन्हैया गंधर्व ने कहा किगौरव पद यात्रा के साथ छत्तीसगढ़ शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओ को जनमानस को बताया, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष रामचंद्र पैकरा ने बताया कि यह गौरव पदयात्रा भारत देश के सभी धर्मो, जाति, समुदाय को संगठित करने हेतु की जा रही है। रामचंद्र गंधर्व ने मंच संचालन किया इस कार्यक्रम में बेलगहना ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारीगण,जनप्रतिनिधि, महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस,सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसियो की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

विश्व आदिवासी दिवस

## विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को मिली शासकीय नौकरी

**कांकेर ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों एवं अन्य हितग्राहियों को वनाधिकार मान्यता पत्र तथा वनाधिकार ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। आदिवासी वर्ग के हितग्राही को ट्रैक्टर प्रदाय किया गया तथा एकलव्य एवं प्रयास आवासीय विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया और विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के पॉच युवाओं को शासकीय नौकरी के नियुक्ति आदेश प्रदान किये गये, साथ ही विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

# नहर के मजबूतीकरण का कार्य प्रगति पर, किसी तरह की जनहानि नहीं

*कलेक्टर ले रहे अपडेट, मरम्मत कार्य मजबूती से करने का दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



पामगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत बारगांव में नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से को पानी का प्रवाह कम कर तेजी से मजबूतीकरण किया जा रहा है। कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में सिंचाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नहर के मरम्मत का कार्य बारिशों के बावजूद लगातार किया जा रहा है। जल्दी ही सबकुछ सामान्य होने की सम्भावना है। इस घटना से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। फसल संबंधी नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जिले के विकासखंड पामगढ़ के ग्राम बारगांव के पास अकलतरा शाखा नहर के कि.मी. 35.50 पर बायी ओर का पार 8 अगस्त को सुबह 03 बजे क्षतिग्रस्त हो गई थी। कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग ने 8 अगस्त को सूचना मिलते ही सुबह 09 बजे स्थल का निरीक्षण किया। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (सिंचाई विभाग) अपने अमले के साथ स्थल पर पहुंच चुके थे एवं नहर को बांधने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की। किसानो ने चर्चा के दौरान बतलाया कि नहर के उक्त क्षतिग्रस्त स्थान पर रिसाव हो रहा था जिसकी जानकारी संबंधित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी गई थी। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी डी.आर. बनर्जी से रिसाव एवं उसकी मरम्मत के संबंध में भी जानकारी ली गई। कलेक्टर भी इस घटना के बाद किए जा रहे कार्यों की पल-पल जानकारी ले रहे हैं और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहर मरम्मत का कार्य बहुत मजबूती से करने के निर्देश भी दिए हैं।

### 35 वर्ष पुराना है यह नहर

बारगांव के इस नहर का निर्माण लगभग 35 वर्ष पूर्व हुआ था। नहर की लायनिंग भी बहुत पुरानी है। नहर का यह भाग फिलिंग रीच में है। यह रीच मुरूम रीच है एवं नहर के भराव की मिट्टी भी मुरूम युक्त है। नहर में कि.मी. 35.50 पर लगभग 600 क्यूसेक का बहाव था इस कारण नहर के क्षतिग्रस्त होने से आसपास खेतो में पानी भर गया। नहर के पानी को हेड से कम कराने के प्रयास के साथ ही नहर मरम्मत का कार्य 08 अगस्त को सुबह 09 बजे से प्रारंभ कर दिया गया था। नहर में अत्यधिक बहाव होने के कारण स्थिति को नियंत्रण करने में विलम्ब हुआ तथा देर शाम तक स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया था। इस घटना मे कोई भी जन हानि नहीं हुई है। 9 अगस्त को भी नहर मरम्मत का कार्य प्रगति पर है एवं रिसाव पर नियंत्रण कर लिया गया है। नहर पार को मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है, ताकि खरीफ सिंचाई प्रभावित न हो।

# शासन-प्रशासन की कार्यवाही के डंडे से बेखौफ सरपंच-सचिव ने फिर से निकाले-लाखों रुपए

## लिटिया-पंचायत के सरपंच-सचिव को प्रशासन-व प्रशासनिक-अधिकारियों का खौफ नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




जनपद पंचायत के अंर्तगत आने वाले लिटिया-ग्राम पंचायत की सरपंच-सचिव पर 17-लाख से लेकर 20-लाख से ऊपर गबन-भ्रष्टाचार की शिकायत पंचायत के उपसरपंच-पंच सहित ग्रामीणों के द्वारा 28-जून-2022 को जिला-कलेक्टर के जनदर्शन में किया गया था, उपसरपंच-ग्राम पंचायत लिटिया के द्वारा अपने शिकायत में स्वच्छ-भारत-मिशन के तहत बनाए गए शौचालय में हितग्राहियों को मिलने वाले अंशदान की राशि 9.96000/? मूलभूत योजना 2021-22 के तहत बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के 4.1624/? सामुदायिक भवन की मरम्मत पर 95.000/? गली-मरम्मत 2.13000/? जिला-विकास-निधि के तहत मोहंदी में सीसी-रोड़ निर्माण 180.000/? 15-वित्त-मद से विकास कार्यो हेतु लाखो रुपए की विभिन्न किश्तों को पंचायत के सरपंच-व-सचिव द्वारा बिना कार्य के फर्जी बिल प्रस्तुत कर गबन के आरोप सहित पीएफएमएस-मद से 2.20.000/? हैंडपंप मरम्मत प्राथमिक-शाला-मोहंदी मरम्मत के कार्य मे भी गबन के आरोप ग्राम-पंचायत के उपसरपंच-पंच सहित ग्रामीणों ने 10-बिंदुओं पर लिखित शिकायत के रूप में कई गई थी..जिला-कलेक्टर के आदेश के बाद 15-जुलाई को तीन-सदस्यीय जांच टीम लिटिया-ग्राम-पंचायत जांच में पहुँची थी..जांच टीम की ग्राम पंचायत की सरपंच/उपसरपंच-पंच सचिव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में जिले से पहुची जांच टीम ने संबंधित दस्तावेज-अभिलेख का किया परीक्षण-शुरू किया गया मीडिया की उपस्थिति में जांच टीम के मौके का निरीक्षण किया गया..जहा पर जांच टीम के द्वारा शिकायत में कही बातें लगभग अधिकतर सही पाई गई..मीडिया से बात करने के दौरान जांच टीम का नेतृत्व कर रहे अशोक धिरहि ने बताया कि मौके पर जाकर जांच टीम के द्वारा भु-अभिलेखो का परीक्षण-संबंधित दस्तावेज के अवलोकन/पश्चात अपनी रिपोर्ट जिला/कलेक्टर/जिला सीईओ को सौंपेगी।

### जाँच के दौरान फिर निकाले लाखों रुपए जनदर्शन में हुई फिर से शिकायत

### 2-लाख 50-हजार रुपए फिर से निकाले कलेक्टर जनदर्शन में हुई फिर से शिकायत

पूर्व में वित्तीय-अनियमियता की जांच कर रहे जिला/पंचायत के जांच-अधिकारीयो ने अपनी जांच रिपोर्ट अभी जिला/कलेक्टर जिला/सीईओ को सौंपी ही थी की ग्राम/पंचायत लिटिया के सरपंच-सचिव की कारगुजारियों की शिकायत एक बार फिर से जिला/कलेक्टर के जनदर्शन में हो गई..02-लाख-50-हजार रुपए बिना प्रस्ताव के पूर्व में किए जा चुके कार्यो का जिनका की भुगतान किया जा चुका है..एक बार पुनः से उन्ही कार्यो के भुगतान के लिए पंचायत के सरपंच/सचिव के द्वारा लाखो रुपए पुनः से निकाले गए लिटिया/ग्राम/पंचायत के वर्तमान उपसरपंच/पंच सहित पंचायत के ग्रामीणों ने 02-अगस्त 2022 को जिला-कलेक्टर के समक्ष जनदर्शन में 07-बिंदुओं में शिकायतों का पुलिंदा सौंपा जिसमे की स्वच्छ/भारत मिशन में पहाड़ीराम कौशिक पिता/ चेतराम कौशिक के पूर्व में बने शौचालय को उनके पुत्र देवीलाल कौशिक पिता/बालूराम कौशिक के नाम रंग रोगन कर पुताई कराकर जियो टैग कर नए निर्माण दर्शाते हुए राशि भुगतान कराकर फर्जीवाड़ा किया गया 12-मॉड्यूल शौचालय ग्राम मोहंदी लिटिया बेड़ापाट में बनाया गया है..सरपंच/सचिव द्वारा उसका भौतिक मूल्यांकन करते हुए सार्वजनिक जांच कराए जाने की बात कही गई। पंचों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के पहले मासिक बैठक में मुरुमीकरण हेतु प्रस्ताव रजिस्टर में अंकित कराया गया था..बिना मुरुमीकरण कराएं ही 15-वे वित्त से राशि दिनांक 22-जुलाई 2022 को 50.000/? 120.000/? भुगतान रनिंग वाटर कार्य पंचायत भवन हेतु 20-जुलाई 2022 को 15-वे वित्त से 74400.00-? ऑनलाइन भुगतान दिखाई दे रहा है..जबकि कोई कार्य नहीं हुआ..सरपंच सचिव द्वारा 22-जुलाई 2022 को बिना प्रस्ताव के फर्जी तरीके से 35000/? आहरण कर लिया गया जिसकी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त हुआ 27/09/2021 को सामुदायिक भवन मरम्मत हेतु सामग्री-क्रय के नाम से 35000.00? भुगतान हेतु अनुमोदन लगाया कराया गया कौन से सामुदायिक भवन का मरम्मत कराया गया उल्लेख नहीं है,विगत वर्ष भी कोई भी सामुदायिक भवन मरम्मत नहीं कराया गया है सरपंच/सचिव द्वारा दिनांक 27/09/ 2021 को ग्राम पंचायत लिटिया मंच मरम्मत के लिए 40000/? भुगतान का सामान क्रय प्रस्ताव पारित किया गया..सूचना के अधिकार के तहत अनुसार मिली जानकारी के अनुसार किस जगह के मंच के मरम्मत का उल्लेख नहीं किया गया न ही प्रस्ताव में पारित दिनाँक की जानकारी उल्लेख नहीं है,सरपंच-सचिव के द्वारा 27/09/2021 को ग्राम पंचायत लिटिया के आश्रित ग्राम मोहंदी में सोलर पैनल 02-नग खंभा हटाने के लिए 20.000/? आहरण का प्रस्ताव पारित किया गया इन सभी बिंदुओं पर जिला/कलेक्टर के जनदर्शन में जांच की मांग की गई है।

### इस पूरे मामले को लेकर अधिकारियों नर क्या कहा

- पूर्व में वित्तीय-अनियमियता की जांच/रिपोर्ट की प्रति जिला/पंचायत सीईओ को सौप दिया गया है..वर्तमान में पुनः से राशि निकाले जाने की शिकायत की जानकारी प्राप्त नही है,कार्यवाही-पंजी सहित समस्त अभिलेख/दस्तावेज हमारे पास है ऐसे में बिना प्रस्ताव के राशि नही निकाली जा सकती शिकायत की कॉपी मार्क करने पर पुनः से जांच की जाएगी।
  **अशोक धिरहि**
  **जांच अधिकारी**
- वित्तिय-अनियमियता की जांच अगर अभी चल रही है.. जांच रिपोर्ट अभी बाकी है..तो ऐसे में पंचायत से सरपंच/सचिव के द्वारा बिना प्रस्ताव राशि निकाला जाना अनुचित है..वर्तमान में हुई शिकायत संबंधित दस्तावेज की मुझे जानकारी नही है.. शिकायत संबंधित प्रति देखने के बाद ही बता पाऊंगा।
  **हरिओम द्विवेदी**
  **सीईओ कोटा जनपद**
- पूर्व में लाखों रुपए की वित्तीय-अनियमियता की जांच अभी पूरी नही हुई है..जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। समस्त अभिलेख-दस्तावेज जांच अधिकारियों के पास होने के बावजूद सरपंच/सचिव के द्वारा बेखौफ होकर फर्जी तरीके से बिना प्रस्ताव के लाखों रुपए निकाल लिए गए जिला कलेक्टर कर जनदर्शन में पुनः से पंचों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में जांच की मांग की गई है।
  **घनाराम बघेल**
  **उपसरपंच लिटिया**

# हमारी सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने और संरक्षित करने का कार्य किया- भूपेश बघेल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





हमारी सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति को सहेजने और संरक्षित करने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के साथ ही हमने आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए कार्य किए। आदिवासी हितों के लिए ऐसे कार्य किए गए जो राज्य बनने के बीस वर्षों में नहीं हुए। हमारी सरकार ने पेसा कानून को पूरी तरह क्रियान्वित करने के लिए नियम बनाए और यह खुशी की बात है कि 8 अगस्त को इसका प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में भी हो गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। रायगढ़ जिले से जनप्रतिनिधि व हितग्राही इस कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए सबसे पहले विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मां दंतेश्वरी और बूढ़ा देव की पूजा अर्चना कर किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित आदि विद्रोह एवं अन्य पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अचानकमार टाईगर रिजर्व जिला मुंगेली के पांच गांवों महमाई, बाबूटोला, बम्हनी, कटामी, मंजूरहा, सीतानदी टाइगर रिजर्व धमतरी के ग्राम लिखमा, बिनयाडीह, मैनपुर, उदंती टाइगर रिजर्व जिला गरियाबंद के ग्राम कुल्हाड़ीघाट, कठवा को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। ग्राम सभा के 50 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय से होंगे। इस 50 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी। गांवों के विकास में निर्णय लेने और आपसी विवादों के निपटारे का भी उन्हें अधिकार होगा। पेसा कानून पहले से था, इसके नियम नहीं बनने के कारण इसका लाभ आदिवासियों को नहीं मिल पा रहा था, लेकिन अब नियम बन जाने से वे अपने जल-जंगल-जमीन के बारे में खुद फैसला ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने समुदायिक अधिकार मान्यता पत्र और व्यक्तिगत मान्यता पत्र का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार मान्यता पत्र के तहत आदिवासियों और वन क्षेत्रों के परंपरागत निवासियों को दी गई भूमि के विकास और उपयोग तथा उनके अधिकारों के संबंध में गांव-गांव में ग्राम सभाओं के माध्यम से 15 अगस्त से 26 जनवरी तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे वे वनों के संरक्षण और विकास में बेहतर योगदान देने के साथ वनोपजों के संग्रहण और वैल्यू एडिशन से अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री को बताया कि ग्रामीणों-आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की खोलने की शुरूआत की है, वहां पर ग्रामीण वनोत्पादों को प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से प्रसंस्कृत कर वैल्यू एडिशन किया जाएगा, इससे उनकी वनोत्पादों की अच्छी कीमत मिलेगी और आदिवासियों की आय में वृद्धि भी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कार्य किया है। पहले बस्तर मलेरिया के नाम से जाना जाता था, हर वर्ष मलेरिया के कारण सैकड़ो लोग बीमार हो जाते थे, जाने भी चली जाती थी, लेकिन हमने मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान चलाया, जिसके परिणाम दिखने लगे हैं और अब 65 प्रतिशत लोग मलेरिया से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सुदृढ़कीरण किया। हाट-बाजार क्लीनिक योजना से बस्तर की अंदरूनी क्षेत्रों में निवासियों को इलाज की सुविधा मिलने लगी, इसका परिणाम यह हुआ कि जिस बस्तर जहां हर बरसात में उल्टी-दस्त के कई प्रकरण देखने को मिलते थेए उन क्षेत्रों में काफी कमी आई है।

## बिरहोर युवाओं की शासकीय विभागों में नियुक्ति

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के पात्र 17 आवेदकों को शिक्षा विभाग में तथा 6 को दूसरे विभागों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। जिनमें से कलेक्ट्रेट के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित धरमजयगढ़ विकासखंड के बृजमोहन बिरहोर व कु.बसंती बिरहोर को जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल और महापौर नगर निगम रायगढ़ जानकी काटजू ने नियुक्ति पत्र सौंपा।

## मेधावी छात्र हुए सम्मानित, वन अधिकार पत्र का हुआ वितरण

*इस अवसर पर एकलव्य आदिवासी विद्यालय के अनुसूचित जनजाति के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। जिनमें कक्षा कक्षा-10 वीं में प्रथम-आमोश भगत, द्वितीय-डिगेन्द्र कुमार एवं तृतीय-गजेन्द्र कुमार तथा कक्षा-12 वीं में प्रथम-अंजन कुमार, द्वितीय-संदीप कुमार एवं तृतीय-फूलेश्वर सिंह शामिल थे। साथ ही 150 लोगों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 2 को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति की योजना के तहत ऋषिकेश्वर सिंह को ट्रैक्टर व ट्रॉली प्रदान किया गया।*

---

### एक नजर

## कलेक्टर अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण हेतु जशपुर जनपद के ग्राम टेकुल में किया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस जशपुर जनपद के टेकुल पंचायत में पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भी पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण करते हुए ने कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण एवं मनुष्य का अटूट संबंध है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोगों कोअधिक से अधिक लगाकर उसकी रक्षा करनी होगी। इस हेतु उन्होंने ट्री गार्ड लगाने एवं पौधों की देखभाल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने गिरांग पंचायत में जल सरंक्षण हेतु निर्मित स्टॉप डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉप डेम के माध्यम सिंचाई का लाभ ले रहे किसानों से चर्चा कर खेतों में ली जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को स्टॉप डेम के माध्यम से सिंचाई का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने समय समय पर स्टॉप डेम की साफसफाई कराने के लिए निर्देशित किया।

## देर से स्कूल आने वाली शिक्षिका पर हुई कार्यवाही, रोकी गई वेतन वृद्धि

### कलेक्टर साहू के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने की कार्यवाही

### अध्यापन हेतु एक अतिरिक्त शिक्षक की भी हुई व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लाखा में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों द्वारा स्कूल बंद किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर रानू साहू ने तुरंत इसके जांच संबंधी कार्यवाही हेतु आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए थे। शिकायत प्राप्ति उपरांत स.वि.ख.शि.अ.अनिल कुमार साहू, संकूल प्राचार्य उर्दना एवं सीएसी द्वारा शास.पूर्व.मा.शा.लाखा वि.ख.रायगढ़ में उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से शिकायत के संबंध में लिखित बयान लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार शास.पूर्व.मा.शा.लाखा विकासखण्ड रायगढ़ में 2 शिक्षक पदस्थ है जिसमें 01 शिक्षिका नवा जतन प्रशिक्षण में सम्मिलित होने तथा 01 शिक्षिका कु.सरस्वती चौहान शाला विलंब से पहुंचे जाने पर विद्यार्थी आक्रोशित होकर अपने पालकों को शिकायत किए जाने से स्कूल में ताले जड़ दिए जाने से उक्त स्थिति निर्मित हुई। ग्रामीणों द्वारा उक्त शिक्षिका को अन्यत्र हटाने की मांग की गयी। कु.सरस्वती चौहान शिक्षिका को पूर्व में शाला में समय पर उपस्थित होने, अध्यापन कार्य ठीक से कराने के संबंध में संकूल प्राचार्य/सीएसी द्वारा समझाईश दी गयी थी, किन्तु उनके द्वारा कर्तव्य पालन में लापरवाही बरती गयी। उक्त कृत्य हेतु कु.सरस्वती चौहान का आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने संबंधी कार्यवाही की जाकर संबंधित को भविष्य में गलती की पुनरावृत्ति नहीं करने की समझाईश दी गयी है। श्री राजीव कश्यप शास.पूर्व मा.शाला उर्दना को अध्यापन व्यवस्था के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कामनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाली आकर्षि कश्यप का दुर्ग में होगा भव्य स्वागत

**दुर्ग** । दुर्ग की कसारीडीह निवासी 21 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम कामनवेल्थ गेम्स-2022 में भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम में शामिल होकर टीम के लिए सिल्वर मेडल जीता है। देश के लिए यह बड़ी जीत हासिल कर आज 10 अगस्त,बुधवार को दोपहर 12 बजे आकर्षि कश्यप का प्रथम दुर्ग नगर आगमन हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने विभिन्न खेल संगठनों के अलावा धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा सिल्वर मेडल विजेता आकर्षि कश्यप के भव्य स्वागत और बाईक रैली की तैयारी की गई है। उनकी यह स्वागत बाईक रैली दोपहर 12 बजे ग्रीन चौक दुर्ग से प्रारंभ होगी। जो गुरुद्वारा स्टेशन रोड,सिंधी धर्मशाला,सीए बिल्डिंग,राजेन्द्र पार्क चौक,मेनोनाइट चर्च,मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर,पंचशील स्कूल चौक,कन्हैयापुरी चौक,आजाद चौक होते हुए आकर्षि कश्यप के निवास स्थान कसारीडीह पहुंचकर समाप्त होगी।

---

### अब तक 18994 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र

## 2948 सामुदायिक वन अधिकार पत्र और 386 वन संसाधन अधिकार पत्र दिया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट मंत्रणा सभाकक्ष में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वर्चुअल के माध्यम से जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डी रविशंकरए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, आदिमजाति विभाग के सहायक आयुक्त बीके राजपूत, सूरज चौरसिया, अजय गुप्ता, जनप्रतिनिधि, आदिवासी भाई बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने 19 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा युवाओं को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करते हुए माला पहनाकर विभिन्न पदों हेतु नियुक्त पत्र सौंपा। जिसके अंतर्गत 8 सहायक ग्रेड 3, 10 सहायक शिक्षक, 1 ड्रेसर ग्रेड 2 के पद पर नियुक्ति दिया गया है।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा 667 वन अधिकार पत्र एवं ऋण पुस्तिकाए 15 सामुदायिक वन अधिकार पत्र, 114 वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण किया गया। जिले में अब तक कुल 18994 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 2948 सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं 386 वन संसाधन अधिकार पत्र दिया गया है। साथ ही वन अधिकार पत्र धारकों के भूमि पर विकास कार्य के लिए वर्ष 2022-23 में मनरेगा से 3121 कार्य, 22.36 करोड़ की राशि स्वीकृति कृषि एवं उद्यानिकी से 94 हितग्राही को 2ण10 लाख की स्वीकृति एंव क्रेडा व वन विभाग द्वारा 84 हितग्राहियों के लिए 74.86 लाख की स्वीकति जा रही है।

## कलेक्टर ने पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आज जशपुर नगरीय क्षेत्र स्थित बांकी नदी के तट पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय सीएमओ जशपुर सुश्री ज्योत्स्ना टोप्पो, विभिन्न समाजसेवी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर अग्रवालए डीएफ ओ सहित बांकी नदी बचाव समिति के सदस्यों द्वारा बड़े पैमाने पर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाव का संदेश दिया गया। साथ ही रोपित पौधों के बचाव के लिए नदी के दोनों किनारों में तार फेसिंग के माध्यम बाउंडरी का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में पेड़ों का अत्याधिक महत्व है। इस हेतु सभी को अपने घर के आस-पास अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान देना चाहिए।

## महिला की हत्या कर घर में रखे सोने चांदी के जेवर सहित नगदी की चोरी

### अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**धमतरी ।** अर्जुनी थाना अंतर्गत ग्राम देमार में अज्ञात आरोपी ने महिला की हत्या कर तथा एक छोटी बच्ची को घायल कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम लगभग 80 हजार रूपए लेकर फरार हो गए। मामलें में अर्जुनी पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना ग्राम देमार की है जहां चोरी की नीयत से घर में घूसे चोर ने घर पर मौजूद वृद्धा जयंत्री सिन्हा की हत्या कर दी तथा एक तीन वर्षीय बच्ची को घायल कर घर में रखे रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी रकम लगभग 80 हजार रूपए लेकर फरार हो गए। मामलें की शिकायत मृतका के पुत्र दुर्योधन सिन्हा ने अर्जुनी थाना में दर्ज कराई है। दुर्योधन ने पुलिस को दिये बयान में बताया कि वह 8 अगस्त की सुबह 4 बजे पिताजी रोजाना की तरह कृषि उपज मंडी श्यामतराई काम पर चला गया गया था। शाम चार बजे के करीब गांव के ही राज कुमार बंजारे ने काल कर बताया कि तेरी मां और लड़की को घर में किसी ने मार दिया है। जिसके बाद वह शाम करीबन 6 बजे घर पहुंचा तो उसके लड़के वोमेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वह शाम 4 बजे स्कुल से वापस घर आया तो घर के बाहर का दरवाजा अंदर से बंद था जो नही खुलने पर राजकुमार बंजारे ने धक्का देकर खुलवाया अंदर जाकर देखा तो दादी मां और छोटी बहन संध्या रसोई कमरे में लहु लुहान पड़े थे।

---

## कलेक्टर ने नगर पालिका जशपुर में निर्मित किए जा रहे कृष्ण कुंज का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज नगर पालिका जशपुर में निर्मित किए जा रहे कृष्ण कुंज का आकस्मिक निरीक्षण कर वृक्षारोपण की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कृष्ण कुंज परिसर का अवलोकन करते हुए परिसर की समतलीकरण ए झाड़ियों की साफ सफाई सहित अन्य शेष निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किए जाने वाले पौधरोपण कार्यक्रम हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय सीएमओ सुश्री ज्योत्स्ना टोप्पो, विभिन्न समाजसेवी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले में विश्व आदिवासी दिवस हर्ष और उल्लास से मनाया गया

### 19 विशेष पिछड़ी जनजाति युवाओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा करके माला पहनाकर नियुक्ति पत्र सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां निवास कार्यालय में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में आदिम जाति अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित ष्आदि विद्रोह एवं 44 अन्य पुस्तिकाओं का विमोचन किया। उन्होंने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी आदिवासी महापुरूषों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में आदिवासियों की अहम भूमिका रही है। हम आदिवासी संस्कृति को सहजने का काम कर रहे है। मलेरिया में 65 प्रतिशत की कमी आई है। आदिवासी अंचल में हमने मलेरिया से निपटने के लिए अभियान चलाया है। कार्यक्रम में इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकामए वन मंत्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव तथा शिशुपाल सिंह सोरी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के सचिव डीडी सिंह, आयुक्त शम्मी आबिदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टोरेट मंत्रणा सभाकक्ष में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वर्चुअल के माध्यम से जशपुर विधायक विनय भगतए कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवालए पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर आदिवासी विकास अभिकरण के अध्यक्ष मनकुमार राम, आदिमजाति विभाग के सहायक आयुक्त बीके राजपूतए सूरज चौरसियाए श्री अजय गुप्ताए जनप्रतिनिधिए आदिवासी भाई बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के युवाओं को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करते हुए माला पहनाकर नियुक्त पत्र सौंपा। आज जिला प्रशासन द्वारा 667 वन अधिकार पत्र एवं ऋण पुस्तिका, 15 सामुदायिक वन अधिकार पत्र,114 वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण किया गया। अब तक कुल 18949 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 2948 सामुदायिक वन अधिकार पत्र एवं 386 वन संसाधन अधिकार पत्र दिया गया है। 19 पहाड़ी कोरवा शिक्षित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है। जिसमें 8 सहायक ग्रेड 3 है। 10 सहायक शिक्षकए 1 ड्रेसर ग्रेड 2 के पद पर नियुक्ति दिया गया है। वन अधिकार पत्र धारकों के भूमि पर विकास कार्य के लिए वर्ष 2022-23 में मनरेगा से 3121 कार्य के लिए 22.36 करोड़ की राशि स्वीकृतिए कृषि एवं उद्यानिकी से 94 हितग्राही को 2.10 लाख की स्वीकृतिए क्रेडा व वन विभाग द्वारा 84 हितग्राहियों के लिए 74.86 लाख की स्वीकति दी गई। विधायक विनय भगत ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक शुभकामनांए देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आदिवासियों की संस्कृतिए सभ्यता और उनकी प्राकृतिक धरोहर को सहजने का सराहनीय कार्य कर रही है। विशेष पिछड़ी जनजातियों एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों के बच्चों को रोजगार मिले इसके लिए 9623 पद स्वीकृत किए गए है। और उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सार्थक कार्य किया जा रहा है। जशपुर जिले में भी 816 पद स्वीकृत किया गया है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आज उनको नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्होंनें कहा कि 65 प्रकार की वनोपज की खरीदी करके आदिवासी भाई बंधुओं को आर्थिक सहायता कर रही है। देवगुड़ी को भी संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। गरीब मजदूर किसान आदिवासी भाई बंधु और युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर धरमजयगढ़ में रैली, बाइक रैली सहित अनेक कार्यक्रम संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



विश्व आदिवासी दिवस को जनजाति समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगल भवन धरमजयगढ़ में सर्व आदिवासी समुदाय को लोग एकत्रित हुए। जिसमें महिलाए पुरुष एवं बच्चे भी शामिल थे। जहां से युवाओं की टोली डीजे साउंड के साथ बाइक रैली लेकर पीपरमार चौक पहुंची। जहां बिरसा मुंडा चौक पर अपने परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना की। जिसके बाद बाइक रैली नगर भ्रमण करते हुए मंगल भवन पहुंची। वहीं जनजाति समाज की एक बड़ी पैदल रैली निकली। जिसमे नारेबाजी के साथ जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। रैली में शामिल लोग अपनी पारम्परिक भेषभूषा में दिखाई दे रहे थे। वहीं धनुष बाण लेकर कुछ लोगों की टीम रैली में चल रही थी। यह रैली भी नगर भ्रमण कर मंगल भवन पहुंची। जहां समाज के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सभी पदाधिकारियों ने अपने पूर्वजों को याद कर सभी को संगठित रहने की बात कही। बता दें कि हर साल नौ अगस्त को आदिवासी समुदाय द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए इस दिन को मनाया जाता है। दुनियाभर में आदिवासियों की 5 हजार तरह के आदिवासी समुदाय है।

## एक नजर

### मुस्लिम समाज ने बड़ी धूमधाम से बनाई मुहर्रम

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



ग्राम चराईडांड़ में मुस्लिम समाज द्वारा मुहर्रम के अवसर पर तीन गांव बांसपतरा, बागबुड़ी एवं चराईडांड़ में निवासरत मुस्लिम समाज द्वारा बहुत शांति तरीके से मुहर्रम मनाया गया जिसमे पुरुष, महिला, एवं बच्चे सभी सामिल हुए कार्यक्रम को सफ्ल संचालन हेतु मुस्लिम नवयुवक कमेटी का गठन किया गया था जिन्होंने पूरे मेहनत से कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में लगे हुए थे जुलूस बांसपतरा से प्रारम्भ हो कर बागबुड़ी होते हुए चराईडांड़ पहुंचा एवं पुनः बांसपतरा वापस शांति पूर्वक हो गया।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल दुलदुला का बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



विकास खंड दुलदुला मुख्यालय के सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय जनता पार्टी मंडल दुलदुला का बैठक आयोजित किया गया बैठक का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल देव साय एवं जिला भाजपा जशपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंजवती सिंह तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्क्ष ममता कश्यप का उपस्थिति में सम्पन्न हुआ बैठक का संचालन भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष करनेल सिंह द्वारा किया गया बैठक में मुख्य विषय अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा लगाने की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा किया गया और सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारियों को हर शक्ति केन्द्र तक नीयत समय में प्रयास कर राष्ट्रीय भाव का माहौल बनाने एवं बुथ कार्यकर्ता पदाधिकारियों के सहयोग से घर घर तिरंगा फहराने हेतु योजना बनाया गया, बैठक में भाजपा मंडल दुलदुला के सभी कार्यकर्ताए पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### विप्र फाउंडेशन ने दी पुण्यात्मा नलिनी मिश्रा एवं संध्या पांडे को श्रद्धांजली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विप्र समाज की राष्ट्रीय संस्था विप्र फाउंडेशन द्वारा सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रकाश मिश्रा व चीफ जस्टिस आंध्र प्रदेश प्रशांत मिश्रा की मातुश्री नलिनी मिश्रा एवं पंडरीपानी निवासी जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सतीश पांडेय की धर्मपत्नी संध्या पांडेय के आकस्मिक निधन पर समूचे विप्र समाज की क्षति बताते हुए शोक जताया है। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने विप्र समाज की ओर से दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुख की घड़ी मे सहनशक्ति प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की है। विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत क्षति तो है ही साथ में संपूर्ण सर्व समाज के लिए भी बहुत बडा आघात है जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती।

# बोलेरो सवार लोगों ने ट्रक चालक को किया अधमरा, अस्पताल में इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



बोलेरो सवार लोगों ने पीट पीट कर ट्रक चालक को अधमरा कर दिया। ट्रक चालक को 112 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र खड़गांव की है। जहां धरमजयगढ़ से हाटी मार्ग में सरिया नाला के ऊपर बोलेरो में सवार 8 लोगों ने ट्रक को रोककर मारपीट शुरू कर दी। घटना को देख रहे कुछ लोग मौके पर पहुंच कर मारपीट को बंद कराने की कोशिश की। लेकिन बोलेरो सवार ज्यादा संख्या में थे जो इनके साथ भी मारपीट करने लगे। बोलेरो सवार लोगों ने ट्रक चालक का मोबाइल एवं पैसा को लूटकर ले गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने 112 में कॉल कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद 112 कि मदद से घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना कि बुलेरो सवार लोगों की हरकत से लगा कि वे ट्रक को लूटने की फिराक में थे। लेकिन असफल हो गए

# बृजमोहन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गरियाबंद ।** आजादी के अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार की देर रात हर घर तिरंगा अभियान को लेकर इसके संयोजक पूर्व मंत्री एवं रायपुर विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बरसते पानी में गरियाबंद दुर्गा मंदिर से तिरंगा चौक से बाजार बस स्टैंड होते हुए गौरवपथ के बाद शारदा चौक में यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति जागृत करने का अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। प्रत्येक नागरिकों को आजादी के 75 वें वर्ष पूर्ण होने पर उत्साह और उमंग दिखाना है। उन्होंने आव्हान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने घरों में तिरंगा फ्हराए और गरिमामय उत्सव मनाए। उनके साथ तिरंगा यात्रा में स्थानीय भाजपा नेता भी मौजूद थे। अग्रवाल ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा।

# थाने में राखी बांधकर एकल अभियान के दीदियों ने मनाया रक्षाबंधन

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



एकल अभियान के दीदियों ने धरमजयगढ़ थाने में राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। बीते वर्ष की भांति इस बार भी एकल अभियान के आचार्यों दीदियों के द्वारा हर्ष उल्लास के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम 9 अगस्त 2022 को संच धरमजयगढ़ अंचल रायगढ़ भाग अंम्बिकापुर संभाग छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। जिसमें थाना प्रभारी विजय पैंकरा एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके लंबी उम्र की कामना की गई। संच समिति अध्यक्ष भरत लाल साहू, अंचल कार्यालय प्रमुख मीलसिंह निषाद एवं खम्हार संच प्रमुख रामपरेश मरकाम, धरमजयगढ़ संच प्रमुख देवोत्तम राज राठिया , धरमजयगढ़ संच व्यास सुश्री सुनीता सिदार दीदी एवं खंम्हार और धरमजयगढ़ के आचार्य भाईया एवं दीदी उपस्थित रहे। बता दें कि एकल अभियान देश के एक लाख गांवों में कार्य कर रही है। जिनके द्वारा प्रतिवर्ष देश के रक्षको को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है।

# रात डेढ़ बजे गजराजों के बीच फंस गए तीन परिवार

## पौन किलोमीटर पैदल चलकर पहुंची रेस्क्यू टीम, सभी को सुरक्षित निकाला गया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र के कापू रेंज अंतर्गत सरगुजा इलाके से आए हाथियों के एक दल की अचानक आमदगी वन क्षेत्र में निवास करने वाले तीन परिवारों के लिए उस वक्त मुसीबत का सबब बन गई जब गजराजों का यह समूह उनके घरों के निकट पहुंच गया। इस बीच हाथियों के मूवमेंट पर लगातार नजर रख रही वन विभाग के स्थानीय अमले को इस बात की जानकारी प्राप्त हुई। जिसके बाद तत्काल वन विभाग की टीम रेस्क्यू की योजना बनाकर मौके के लिए रवाना हुई, और इन तीनो परिवारों को सुरक्षित स्थान पर लाने में कामयाब हुए। इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात लिप्ति परिसर के कंपार्टमेंट नम्बर 53 पी एफ में रात करीब डेढ़ बजे हाथियों का एक दल आ पहुंचा। उन्होंने बताया विभागीय अमला इस दल के लोकेशन की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा था। इस वजह से संबंधित सुदूर वन क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को मुख्य बस्ती में आने की सलाह दी गई थी। लेकिन किसी कारणवश इन तीन परिवारों के 17 लोग, जिसमें दो वृद्ध महिला व चार बच्चे भी शामिल हैं, अपने घरों में फंस गए। हाथियों के उस इलाके के इर्दगिर्द डटे रहने की वजह से उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया। जैसे ही इस बात की सूचना विभाग को मिली तो तत्काल एक रेस्क्यू टीम का गठन किया गया और आवश्यक संसाधनों के साथ टीम मौके के लिए रवाना हुई। रात में करीब डेढ़ बजे लगभग 700 मीटर पैदल चलकर टीम मौके पर पहुँची। जिसके बाद सूझबूझ से सावधानी बरतते हुए इन तीन परिवारों के सभी 17 लोगों को सुरक्षित स्थान तक लाया गया। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही ग्रामीणों का रेस्क्यू पूरा हुआ उसके कुछ समय बाद ही हाथियों ने उन ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सही वक्त पर तीन परिवारों का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया गया, वरना कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम देने के लिए रेस्क्यू टीम की सराहना की। उन्होंने कहा इस रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाली टीम का हौसला, उनकी निडरता, तत्परता व सूझबूझ प्रशंसनीय व प्रेरणादायक है।



# मोहरम जलसे के दौरान पत्थलगांव में अफरा-तफरी

## स्टंट कर रहा बालक आग में झुलसा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



जशपुर जिले के पत्थलगांव में मुहर्रम की पूर्व संध्या पर निकाले गए ताजिया जुलूस के दौरान जुलूस में आग के साथ स्टंट के दौरान एक बालक आग की चपेट में आ गया।इस दौरान लोगों में अफ रा-तफ री मच गई। भीड़ ने बालक को आग की चपेट से समय रहते बचा लिया है। घायल बालक को तत्काल पत्थलगांव सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया जहां बालक का इलाज जारी है विदित हो कि पत्थलगांव में मोहर्रम जुलूस में जशपुर रोड के समीप स्टंट के दौरान प्रेमनगर मोहल्ला का निवासी एक बालक आग की चपेट में आ गयाए जिससे यहां अफ्रा तफ्री मच गई। कुछ लोगों ने बालक को बचाने की कोशिश की। इन लोगों की सतर्कता से युवक की जान बच पाई।

### शांतिपूर्वक निकला ताजिया जुलूस

बालक के झुलसने के बाद यहां जुलूस में शामिल लोगो द्वारा शांतिपूर्वक ताजिया जुलूस निकाला गया, जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबी शामिल थे। यह जुलूस शहर के तीनों मार्गों से होकर गुजरा। इसको लेकर व्यापक तैयारी की गई थी। दरअसल कोरोना को लेकर पिछले दो साल से मोहर्रम जुलूस नहीं निकाला जा रहा था न ही कर्बला में कोई सार्वजनिक गतिविधियां हो रही थी। लेकिन इस बार जुलूस को लेकर अच्छी तैयारी की गई थी। इसको लेकर प्रशासन ने भी पूरी प्रशसनिक तैयारी कर रखी थी जुलूस के लिए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था समेत जगह जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। पत्थलगांव थाना प्रभारी मल्लिका बनर्जी ने बताया कि जूलूस के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस की 75 कि.मी. लम्बी आजादी गौरव यात्रा प्रारंभ

## पहले दिन जिला कांग्रेस के पदयात्री चले 15 किलोमीटर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भारत के 75 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आजादी गौरव यात्रा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मिले निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 9 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक 75 किलोमीटर लंबी आजादी गौरव यात्रा का रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शुभारंभ हुआ। आज 9 अगस्त क्रांतिदिवस के अवसर पर भारत छोड़ों आंदोलन कार्यक्रम के तर्ज पर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मुख्य अतिथि एवं रायगढ़ जिला काँग्रेस प्रभारी वाणी राव, रायगढ़ विधायक एवं रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र पदयात्रा के प्रभारी प्रकाश नायक, काँग्रेस जिलाध्यक्ष शहर अनिल शुक्ला, रायगढ़ महापौर जानकी काटजू, काँग्रेस सेवादल के मुख्य सँगठकद्वय संतोष बोहिदार शकील अहमद मुन्ना, महिला काँग्रेस सेवादल जिलाध्यक्षद्वय भूमिसुता चौहान,अनिता ओगरे, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान, आदिवासी काँग्रेस जिलाध्यक्ष दयाराम धुर्वे सभी ने मिलकर शहीदों के छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीर सपूतों को नमन किया। ततपश्चात वयोवृद्ध काँग्रेसी सुरेश कुमार बोहिदार का सम्मान किए और भारत माता के गगन चुम्मी नारे लगाए। उसके पश्चात भारत की शान तिरंगा यात्रा निकाली गई। कांग्रेस के सिपाहियों ने भी अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देकर अपने हाँथों में थाम अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया और पदयात्रा में शामिल हुए। जिला काँग्रेस कमेटी से शुरू हुई आज की इस पदयात्रा का रूट, कांग्रेस कार्यालय से आटले चौक होते हुए बुढ़ी माई मंदिरए रेल्वे बंगलापारा, रामबाग, दूध डेयरी, रामभाठा, बापूनगर, पुराना यातायात चौक, जोगीडीपा होते हुए इंदिरा चौक सिद्धी विनायक होते हुए मोदी पारा, नवागढी, होमगार्ड होते हुए चांदनी चौक। आजादी गौरव यात्रा में रायगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों में पदयात्रा करते हुए भ्रमण किए। आज के पदयात्रा में लगभग 15 किलोमीटर का सफ र तय कर पुनः जिला काँग्रेस कमेटी पहुँच कर आज के कार्यक्रम का समापन किए। प्रभारी महामंत्री शाखा यादव ने बताया किए कल की पदयात्रा सरिया क्षेत्र में रहेगा। जहाँ पोरथ से शुरू होकर सरिया होते हुए कटंगपाली में समापन होगा। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य यह है कि भारत की आजादी की 75वीं वर्षगाँठ को पूरे भारत भर में भारत जोड़ो तिरंगा यात्रा निकाल कर एकता का परिचय दे और स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए हजारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अमिट योगदानों को याद कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। तिरंगा यात्रा के माध्यम से उनको नमन करते हुए फ्रि एक बार संगठित होकर भारत को उन्नत राष्ट्र बनाए और विघटन कारी ताकतों से देश को बचाए। उक्ताशय की प्रेस विज्ञप्ति शैलेश मनहर, प्रवक्ता, जिला कॉंग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर द्वारा जारी किया गया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in